तापमान

अधिकतम 41.4 डिग्री

न्यूनतम 29.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 17 मई 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



आपरेशन सिंदूर की सफलता पर नार्थ ईस्ट इंस्टिट्यूट को तिरंगे की रौशनी से सजाया गया।

## तिरंगा यात्रा आज




**बिलासपुर।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना के संयुक्त अभियान के सम्मान में 17 मई को बिलासपुर जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। बिलासपुर में तिरंगा यात्रा शाम 4 बजे गांधी चौक स्थित मिनी स्टेडियम से प्रारंभ होगी, जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल स्मृति ऑडिटोरियम में सम्पन्न होगी।

## फल व्यापारियों ने तुर्की को लगाई 25 करोड़ की चपत, अन्य प्रदेशों में भी चल रहा बहिष्कार




फल व्यापारिक संघ की बैठक में निर्णय

रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, दुर्ग, अंबिकापुर एवं छत्तीसगढ़ के सभी फल व्यापारी संघों ने दिया समर्थन

# छत्तीसगढ़ में तुर्की के सेब का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के फल व्यापारियों ने तुर्की को 25 करोड़ की चपत लगा दी है। व्यापारियों ने तुर्की से आने वाले सेब का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।

फल सब्जी व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष अनिल सलूजा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सभी प्रमुख फल मंडी के अध्यक्षों ने आपस में बात करके और फिर अपने शहर के फल व्यापारिक संघ की बैठक में यह निर्णय लिया कि तुर्किये देश का सेब अब नहीं मंगाया जाएगा। श्री सलूजा ने कहा कि तुर्की देश ने पहलगाम के गुनाहगार पाकिस्तान को समर्थन दिया और उन्हें भारत के खिलाफ इस्तेमाल करने के लिए ड्रोन उपलब्ध कराया। तुर्किये में भूकंप आने के बाद भारत देश ने संकट के समय उसकी मदद की थी, परन्तु उसके बाद भी इस देश ने युद्ध में भारत के खिलाफ पाकिस्तान का साथ दिया और उसे हथियारों की सप्लाई की, उसके दिए गए ड्रोन से पाकिस्तान ने भारत के रिहायशी इलाकों व सैन्य ठिकानों पर जमकर हमले किए, इसीलिए पूरे भारत देश में भारतीय कारोबारी ने तुर्किये देश के सेब और संगमरमर जैसे उत्पादकों का बहिष्कार करना शुरू किया है।



अनिल सलूजा

हम सब छत्तीसगढ़ फल व्यापारियों ने भी तुर्की देश के सेब का पुरजोर बहिष्कार कर तुर्किये को आर्थिक रूप से कमजोर करने में देश हित में सहभागिता निभाएंगे। श्री सलूजा ने बताया कि तुर्किये से छत्तीसगढ़ में लगभग 20 से 25 करोड़ रुपए का सेब साल भर में आता है। इस निर्णय का छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, दुर्ग, अंबिकापुर एवं छत्तीसगढ़ के सभी फल व्यापारी संघों ने अपना समर्थन दिया है। देश के कई अन्य राज्यों में भी इस तरह के फैसले लिए जा रहे हैं। ज्ञात हो कि भारत के फल बाजार में विदेशी फलों की काफी डिमांड है। ऑस्ट्रेलिया अमेरिका से भी भारत में चेरी सेब आदि फल मंगाए जाते हैं। तुर्की से भी केवल छत्तीसगढ़ में ही करोड़ों के फल मंगाए जाते थे।

### पूरे देश में हो रहा है विरोध

भारत पाक युद्ध में पाकिस्तान का साथ देने वाले तुर्की का पूरे देश में जमकर विरोध हो रहा है। देश के सभी बड़े शहरों में व्यापारियों ने तुर्की से व्यापार नहीं करने की घोषणा कर दी है, दिल्ली, मुंबई और देश के दूसरे महानगरों से इस तरह की खबरें आ रही हैं। देश की बड़ी यूनिवर्सिटियां तुर्की की यूनिवर्सिटी से किए गए एमओयू रद्द कर रही हैं। भारत से बड़ी संख्या में लोग घूमने के लिए तुर्की जाते हैं, इन दिनों तुर्की की टिकटें भी लगातार रद्द की जा रही हैं। इसके अलावा सरकार भी तुर्की से हुए करारों की समीक्षा कर रही है। इसका प्रभाव बिलासपुर में भी दिखाई देने लगा है। व्यापारी तुर्की से सेब नहीं खरीदने की बात कह रहे हैं, तो आम लोगों से तुर्की के सामानों का उपयोग नहीं करने की अपील की जा रही है।

## सिम्स के डेमोंस्ट्रेटर पद पर कार्यरत हैं डॉ. बंजारे

# सिम्स का डॉक्टर बताकर रायगढ़ के युवक से 15 लाख की ठगी



- रायगढ़ के सिटी कोतवाली थाने में दर्ज किया गया मामला
- पुलिस ने पति-पत्नी पर दर्ज किया मामला



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स के डेमोंस्ट्रेटर पद पर कार्यरत डॉ. संजय बंजारे और उनकी पत्नी के विरूद्ध रायगढ़ जिले में एफआईआर दर्ज की गई है। मामला साढ़े 15 लाख रूपए लेकर जमीन और घर का सौदा नहीं करने और अन्य लोगों से झूठा बिक्री का वादा करने के मामले में पुलिस ने आरोपी पति-पत्नी पर जुर्म दर्ज किया है।

मामला रायगढ़ के कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जहां रेलवे बंगलापारा निवासी चंदन सिंह पिता स्व. जयलाल सिंह ठाकुर रहते हैं और सिविल ठेकेदारी का काम करते हैं। जरहाभाठा निवासी व सिम्स के डेमोस्ट्रेशन पद पर कार्यरत डॉ. संजय बंजारे व उनकी पत्नि पल्लवी मिश्रा बंजारे से 2024 में उनकी मुलाकात हुई। इस दौरान डॉ. बंजारे में बताया कि मठपुरैना धरसिंवा रायपुर में खसरा नंबर 202/337 रकबा 1250 वर्गफीट जमीन है और 850 वर्गफीट में घर बना हुआ है। उक्त जमीन को खरीदने की नियत से युवक चंदन ने डॉ. बंजारे से बातचीत की और रायपुर जाकर जमीन और मकान का मुआयना भी किया। जमीन पसंद आने पर युवक और बंजारे दंपति के बीच 47 लाख रूपए में सौदा तय हो गया और युवक ने 15 लाख 50 हजार का भुगतान कर दिया। यह राशि नगद, ऑनलाइन और चेक के माध्यम से दी गई और 4 माह बाद रजिस्ट्री करने की बात कही गई। लेकिन समय बीतने के बाद भी बंजारे दंपति ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं की है। इसके बाद युवक को पता चला कि उसी जमीन का सौदा 2 और लोगों से भी किया गया है। ऐसे में युवक ने दंपति से रुपए वापस मंगाने हुए दबाव बनाया, लेकिन उलट दंपति ने उसे ही झूठे केस में फंसाने की धमकी, तब पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई।

### एक ही मकान का 3 लोगों से सौदा

जानकारी मिल रही है कि दंपती ने ठगी करते हुए जमीन का सौदा अन्य लोगों के साथ भी कर लिया है। दोनों पति-पत्नी ने उसी भूमि व मकान का सौदा बिलासपुर के आशीष टंडन व रायपुर के मोहम्मद तौसिफ से कर उन लोगों से भी रकम ऐंठ लिए है। कुछ समय बीत जाने के बाद चंदन ने कई बार उसके नाम मकान की रजिस्ट्री करने के लिए कहा, तो डॉ.संजय बंजारे टालमटोल करने लगा। तब चंदन को ठगी का एहसास हुआ और उसने फोन पर डॉ.संजय बंजारे को जमीन व मकान का रजिस्ट्री कराने या फिर रुपए वापस करने कहा, तो संजय फोन पर गाली गलौज करते हुए झूठे केस में फंसा देने की धमकी देने लगा।

### जमीन की दिखाई फोटो कॉपी दस्तावेज

चंदन को जमीन व मकान पसंद आने पर दंपती को दस्तावेज दिखाने कहा, जिस पर डॉ. संजय बंजारे ने जमीन की फोटो कॉपी दिखाई। ऐसे में मकान का सौदा 47 लाख रुपए में तय किया गया और चंदन ने एडवांस के तौर पर उसे नगद 50 हजार रुपए पल्लवी मिश्रा बंजारे को दे दिया। इसके बाद 23 अक्टूबर 2024 को रायगढ़ में चंदन ने 10 लाख रुपए का चेक दिया और 4 माह के भीतर उसके नाम से रजिस्ट्री करने के लिए नोटरी कराया। फिर 28 अक्टूबर 2024 को डॉ.संजय बंजारे ने बाकी के रुपए की मांग की, तो चंदन ने 5 लाख रुपए फिर से उसे दिया।

### चेक हो चुका है बाउंस

अपनी करतूत खुलते ही डॉ. दंपती ने मामले को दबाने का प्रयास किया और चंदन को झांसे में रखने की कोशिश की। चंदन ने 27 अप्रैल 2025 को फिर से अपने रुपए मांगे तो डॉ. संजय ने बिलासपुर के दयालबंद बुलाया और आईसीआईसीआई बैंक से 15 लाख रुपए का चेक दिया, जिसे चंदन ने 3 मई को रुपए बैंक में जमा किया और चेक बाउंस हो गया। इसके बार युवक के सब्र का बांध टूट गया और पल्लवी मिश्रा बंजारे व संजय बंजारे के विरूद्ध रायगढ़ के कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में आरोपी दंपति के विरूद्ध धारा 3 (5)-बीएनएस, 318(4)-बीएनएस के तहत अपराध कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

# बिल्हा ब्लाक में 50 लाख की गड़बड़ी

## फर्जी मेडिकल और यात्रा बिल लगाकर किया गया आहरण

- बिल्हा बीईओ आफिस में 350 से अधिक सेवा पुस्तिका गायब होने का भी मामला सामने आया
- जिला शिक्षा अधिकारी ने इसकी जांच के लिए तीन सदस्यीय दो अलग अलग कमेटी का गठन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिक्षा विभाग में मेडिकल बिल के साथ ही यात्रा भत्ता में 50 लाख रुपए की गड़बड़ियों का मामला सामने आया है। इसकी जांच शुरू कर दी गई है। जांच कमेटी के अनुसार शिक्षकों ने चिकित्सा सुविधा के नाम पर बोगस मेडिकल बिल जमा कर 30 लाख रुपए निकालने की साजिश रची। हालांकि इससे पहले की बिल भुगतान होता शिकायत हो गई और भुगतान रोक दिया गया है। इसके साथ ही यात्रा भत्ता के नाम पर करीब 10 लाख रुपए गलत तरीके से निकाल लिए गए। इसके अलावा बड़ा मामला बिल्हा बीईओ आफिस में 350 से अधिक सेवा पुस्तिका गायब होने का भी मामला सामने आया है। इससे हड़कंप मचा हुआ है। जिला शिक्षा अधिकारी ने इसकी जांच के लिए तीन सदस्यीय दो अलग अलग कमेटी का गठन किया है।

बिल्हा ब्लॉक में पदस्थ शिक्षकों ने फर्जी मेडिकल बिल जमा किया। इसमें 30 लाख का बिल पेश किया गया है। विभाग ने राज्य कार्यालय को फारवर्ड कर राशि भी मंगा ली। खास बात है कि शिक्षकों ने जिस वक्त उसने अपने आपको बीमार बताकर इलाज का बिल पेश किया है उस वक्त ड्यूटी में भी उपस्थित थे। शिकायत के अनुसार 29 अगस्त 2024 को जिला चिकित्सालय से स्वीकृत बिल कार्यालय में प्रस्तुत किया है जिसके अनुसार 77,564 रुपए की राशि उनके द्वारा इलाज पर

**शिक्षा विभाग में घोटाला**

खर्च की गई है और जिस बिल को उन्होंने जमा किया है वह बिल मूल रूप से दूसरे शिक्षक असीम वर्मा का है। जिसे कूटरचित कर पेश किया गया। इसके साथ ही अपने एक परिचित का 27 अगस्त 2024 को 5 लाख 42 हजार 535 रुपए का बिल प्रस्तुत किया है जो की मूल रूप से असीम वर्मा का ही है और 1,43,000 रुपए का बिल है। इसी तारीख को स्वीकृत एक और बिल राजकुमारी पटेल का है जो 4 लाख 3 हजार 327 रुपए का है जबकि मूल रूप से यह बिल 47 हजार का है।

### साढ़े तीन सौ शिक्षकों की सेवा पुस्तिका गायब

बिल्हा बीईओ आफिस से साढ़े तीन सौ शिक्षकों की सेवा पुस्तिका गायब है। इसमें अधिकांश एबी संवर्ग के सहायक शिक्षकों की सेवा पुस्तिका है। ध्यान रहे कि विकासखंड शिक्षा कार्यालय, बिल्हा के डीईओ के अंतर्गत करीब 2300 शिक्षक आते हैं। इसमें प्रधान पाठक, शिक्षक, सहायक शिक्षक के साथ ऑफिस स्टॉफ भी शामिल है। ब्लॉक में करीब दो हजार एलबी और करीब तीन सौ नियमित शिक्षकों का वेतन जारी होता है। इसलिए सेवा पुस्तिका की जिम्मेदारी बीईओ की है। इसमें से नियमित शिक्षकों की सेवा पुस्तिका ऑफिस में रखी हुई है। उसके रिकार्ड मेंटन हो रहे हैं। वहीं एलबी संवर्ग के शिक्षकों की सेवा पुस्तिका गायब है। ध्यान रहे कि सरकारी शिक्षकों के सर्विस रिकार्ड का महत्वपूर्ण दस्तावेज सेवा महत्वपूर्ण रिकार्ड होता है। उसमें उसका पूरा बायोडॉटा रहता है। ज्वाइनिंग, वेतन वृद्धि, छुटी सहित सभी दर्ज होते है। उसको सम्हालने की पूरी जिम्मेदारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी की है। उसके रख-रखाव में लापरवाही बरती गई। इसलिए सर्विस बुक गायब हो गए।

### दूसरे के नाम की बिल की कूटरचना

इसी प्रकार एक बिल स्व नरेंद्र कुमार चौधरी के नाम से 5 लाख 33 हजार 123 रुपए का प्रस्तुत किया गया है जो जिला चिकित्सालय से 18 जनवरी 2022 को पास किया गया है जबकि मूल रूप से यह बिल 32 हजार रुपए का है। राजकुमारी पटेल के नाम से 7 लाख 32 हजार 841 रुपए का फर्जी बिल प्रस्तुत किया गया है। दूसरे के नाम के बिल को अपना बात कर और राशि को बढ़ाकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बिल प्रस्तुत किया है। डीईओ अनिल तिवारी ने दो सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। जांच कमेटी में हायर सेकेंडरी स्कूल बैमा नगाई के प्राचार्य एसके कश्यप व हायर सककेंडरी स्कूल सरकंडा के लिपिक घनश्याम दुबे को जांच करने और रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

### आपत्ति के बाद भी निकाल लिया यात्रा भत्ता

बिल्हा विकासखंड फर्जी तरीके से टीए यानी यात्रा बिल के जरिए गलत तरीके से राशि निकाल ली गई। शिक्षकों द्वारा पेश बिल पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से आपत्ति किए जाने के बावजूद बिल का आहरण करना, कार्यालय से एक ही स्थान की दूरी बिल तैयार करते समय अलग-अलग दर्शाना, चुनिंदा संकुल समन्वयक को अलग से राशि प्रदान करना और रायपुर यात्रा स्कूटी से करना दर्शाते हुए बिल पेश करना जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। इसमें बिल्हा बीईओ पर भी आरोप लगे हैं जिन्होंने यात्रा भत्ता के रूप में 72 हजार 480 रुपए का भुगतान प्राप्त किया गया है।

### मांगा गया है जवाब

यात्रा भत्ता के साथ ही मेडिकल बिल में गलत भुगतान के मामले की शिकायत मिली है। अलग-अलग जांच कमेटी बनाई गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी। शिक्षकों के सेवा पुस्तिका के मामले में बीईओ से जवाब मांगा गया है।

**- अनिल तिवारी,** जिला शिक्षा अधिकारी

## सवा करोड़ के फर्जी ट्रांजेक्शन

# साइबर फ्रॉड के लिए बैंक अकाउंट देने वाले 8 आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** साइबर अपराध को अंजाम देने व अवैध वित्तीय गतिविधियों को अंजाम देने वाले म्यूल अकाउंट होल्डरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस दौरान साइबर थाना और एसीसीयू के अधिकारियों ने जिले के 8 संदिग्ध लोगों की पड़ताल की है। कई डिजिटल सबूतों के साथ आरोपियों पर कार्रवाई की गई है।




- सायबर थाना, एसीसीयू की कार्रवाई
- मामले में 1 करोड़ 30 लाख से अधिक की राशि का हुआ ट्रांजेक्शन

आईजी डॉ. संजीव शुक्ला व एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर म्यूल अकाउंट का चिन्हांकन कर 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। म्यूल बैंक खातों के संबंध में तकनीकी जानकारी,बैंक स्टेटमेंट की जांच की गई। बिलासपुर पुलिस ने नेशनल साइबर क्राईम पोर्टल की रिपोर्ट, बैंक खाता में हुए ट्रांजेक्शन एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य के आधार पर बैंक अकाउंट खुलवाने तथा अकाउंट का डिजिटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग फर्जी ऐप, क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट, गूगल रिव्यू टास्क, टेलीग्राम टास्क, बैंक केवाईसी अपडेट एवं गूगल सर्च जैसे विभिन्न साइबर अपराध में उपयोग करने वाले लोगों को चिन्हांकित किया है। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि इन म्यूल अकाउंट के माध्यम से 1 करोड़ 30 लाख से अधिक की राशि का लेनदेन किया गया है। मामले में तालापारा निवासी अब्दूल आदिल पिता अब्दूल जमालखान उम्र 21 वर्ष, तिफरा निवासी संदीप श्रीवास पिता राजकुमार श्रीवास उम्र 30 वर्ष, रतनपुर निवासी विकास केंवट पिता दिलीप केंवट उम्र 31 वर्ष, समीर कश्यप पिता शिवकुमार कश्यप उम्र 31 वर्ष,कलेश कुमार धीवर पिता गंगाराम धीवर उम्र 28 वर्ष, सिरगिट्टी निवासी नागेश्वर ठाकूर पिता बीनू सिंह ठाकूर उम्र 25 वर्ष,करन सिंह ठाकूर पिता बीनू सिंह ठाकूर उम्र 33 वर्ष, हिर्री माइंस निवासी परमेश्वर जायसवाल पिता सुकराम जायसवाल उम्र 21 को गिरफ्तार किया है।



16- MAY- BSP- P-2 FULL_Layout 1 5/16/2025 11:17 PM Page 1





## खबर संक्षेप

### छपारिया मिनरल्स को मिला बेस्ट माइन्स अवार्ड



**बिलासपुर।** डीजीएमएस द्वारा रायपुर के बेबीलोन इंटरनेशनल होटल में सुरक्षा पखवाड़ा समारोह का आयोजन किया गया। जहां छपारिया मिनरल्स बिलासपुर-अकलतरा को बेस्ट माइन्स का अवार्ड विभाग द्वारा प्रदान किया गया। माइन्स के ओनर गौरांग छपारिया द्वारा यह अवार्ड प्राप्त किया गया। माइन्स के पार्टनर संजय छपारिया ने अपने माइन्स मैनेजर गैमिल कच्छप एवं सभी कर्मचारियों का इस अवार्ड के लिए विशेष धन्यवाद दिया।

### शोभा टाह फ़ाउंडेशन ने किया शिवप्रताप को सम्मानित



**बिलासपुर।** उत्कृष्ट समाजसेवा के लिए शिवप्रताप साव का भारत गौरव अलंकरण सम्मान मिलने के उपरांत शोभा टाह फ़ाउंडेशन ने सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर फ़ाउंडेशन के संस्थापक व कांग्रेस नेता अनिल टाह, पूर्व एल्डरमैन अखिलेश गुप्ता, अनिरुद्ध सिंह परिहार, आशुतोष साव, राजीव गुप्ता आदि मौजूद थे।

### निर्मला दिन कमिश्नर भवन का अफसरों ने किया निरीक्षण



**बिलासपुर।** कल निर्मला दिन कमिश्नर भवन का निरीक्षण कमिश्नर, कलेक्टर एवं निगम आयुक्त ने किया। इस दौरान भवन ठेकेदार संजीव तिवारी को एक अगस्त तक भवन पूर्ण कराने कहा। निरीक्षण के दौरान हॉर्टिकल्चर वालों को भी पौधरोपण करने के निर्देश दिए। साथ ही सीबीएसई वालों को भी स्ट्रीट लाइट पोल वे लगाने के लिए भी निर्देशित किया। इस दौरान उद्यानिकी, हॉर्टिकल्चर सीबीएसई, वेटरनरी, पीडब्ल्यू डी के अधिकारी मौजूद थे।

### त्रिवेणी भवन के समाधान शिविर में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

# बिलासपुर के विकास के लिए पैसों की नहीं होगी कमी : साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज व्यापार विहार स्थित त्रिवेणी भवन में सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। नगर निगम के जोन क्रमांक 4 के लिए आयोजित इस शिविर में वार्ड क्रमांक 23 से 29 के लोग शामिल हुए। उन्होंने समाधान शिविर में स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ली।

उन्होंने हितग्राहियों को राशन कार्ड, श्रम कार्ड और आयुष्मान कार्ड भी प्रदान किया। श्री साव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार लोगों की समस्या का निराकरण उनके घर- द्वार तक पहुंचकर कर रही है। हमारी सरकार बिलासपुर के विकास के लिए लगातार राशि दे रही है। बिलासपुर के विकास के लिए पैसों की कोई कमी नहीं होने देंगे। हम मिलकर बिलासपुर की बेहतरी और तरक्की के लिए लगातार प्रयास करेंगे। श्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभी गारंटियों को विष्णुदेव साय सरकार पूरा कर रही है। पीएम आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत हो रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि सुशासन तिहार तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप आवेदनों के निराकरण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर निगम कमिश्नर ने बताया कि सुशासन तिहार के दौरान नगर निगम को 12 हजार आवेदन मिले जिनमें से सभी आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। जोन क्रमांक 4 में 550 आवेदन मिले थे। जिनका निराकरण कर लिया गया है। 508 बीएलसी आवासों की स्वीकृति मिली है जिनमें से 16 आवास जोन क्रमांक 4 के हैं। शिविर में महापौर पूजा विधानी, नगर निगम के सभापति विनोद सोनी, एसपीपी रजनेश सिंह, पूर्व महापौर किशोर राय, दीपक सिंह, रामदेव कुमावत आदि मौजूद थे।



सुशासन तिहार के समाधान शिविर में उपस्थित डिप्टी सीएम अरुण साव, कलेक्टर व एसएसपी सहित अन्य।

## महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी ने लांच किया ट्रियो का लिमिटेड इडिशन



**बिलासपुर।** महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लिमिटेड, महिंद्रा की एक सहायक कंपनी भारत के सबसे अधिक बिकने वाले इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर ऑटो के उल्लेखनीय 100000 बिक्री मील के पत्थर का जश्न मनाने के लिए ट्रियो लिमिटेड इडिशन लॉन्च किया है। यह लॉन्च छोटे वाणिज्यिक वाहन खंड में एक ऐतिहासिक क्षण को चिह्नित करता है, क्योंकि यह पहले-पहले सीमित संस्करण मॉडल है, जो कि ग्राहक केंद्रित और अभिनव निर्माता होने के लिए इसकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। भारत के नंबर 1 इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहन ब्रांड के रूप में एमएलएमएमएल ने आज तक 200000 से अधिक ईवी बेचे हैं। 3.28 लाख पर प्रतिस्पर्धात्मक रूप से कीमत, ट्रियो लिमिटेड इडिशन में पहले आओ,पहले पाओ के आधार पर कब्रों के लिए केवल 1500 यूनिट हैं।ई-ऑटो सेगमेंट के लिए डिज़ाइन किया गया। यह डिजाइन आराम, सुरक्षा और प्रदर्शन में नए बेंच मार्क सेट करता है। बोल्ड रंगों और हड़ताली डीकल की विशेषता, ट्रियो एक विशिष्ट शैली का बयान देता है। इसके परिष्कृत अंदरूनी हिस्से में स्टाइलिश सीट कवर, टिकाऊ फर्शमैट और श्रेणी सर्व श्रेष्ठ लेगरूम शामिल हैं, जो ड्राइवरों और यात्रियों के लिए समान रूप से बेहतर आराम प्रदान करते हैं।सुरक्षा को एक रिवर्स व्यू कैमरा, एक श्रेणी पहले फीचर के साथ फिर से परिभाषित किया गया है, जबकि ड्राइवर की सुविधा को डुअलयू एसबी चार्जर, बोतल और मोबाइल धारकों के साथ बढ़ाया गया है और एक संगठित केबिन के लिए उपयोगिता पाउच के साथ 18 किलो वाट मोटर और आईपी 67-रेटेड बैटरी द्वारा संचालित, ट्रियो55 किमी / घंटा की शीर्ष गति और 150 किमी की ड्राइविंग रेंज प्रदान करता है। ट्रियो लिमिटेड एडिशन 5 साल 120000 किलो मीटर की वारंटी और एडवांस्ड हिल होल्ड असिस्ट के साथ आता है। ग्राहकों को 20 लाख आकस्मिक बीमा भी प्रदान किया जाता है, जो ग्राहक केंद्रित पेशकश पर एमएलएमएमएल के फोकस को प्रदर्शित करता है। 2018 में लॉन्च होने के बाद से ट्रियो ने 3 बिलियन किलो मीटर सामूहिक रूप से कवर करते हुए इलेक्ट्रिक अंतिम मील मोबिलिटी में क्रांतिकारी बदलाव किया है।

### बिजनेस प्लस

## कुलपति प्रो. चक्रवाल उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल को शिक्षा, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में अकादमिक उत्कृष्टता तथा विशिष्ट योगदान के लिए द्विजेंद्र विश्वविद्यालय बाली इंडोनेशिया द्वारा इनोवेटिव एजुकेशन अवॉर्ड 2025 (अभिनव शिक्षा पुरस्कार 2025) से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार द्विजेंद्र विश्वविद्यालय बाली इंडोनेशिया तथा ईएसएन प्रकाशन, भारत द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि यह पुरस्कार केवल मेरा व्यक्तिगत सम्मान नहीं है, बल्कि समेकित रूप में उच्च शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रगति, गुणवत्ता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है।



गुरु घासीदास विश्वविद्यालय शोध, अनुसंधान एवं नवाचार के साथ ही पेटेंट तथा कौशल विकास व उद्यमिता के क्षेत्र में निरंतर युवाओं का प्रेरणा पुंज बना हुआ है। युवाओं को शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर बनाने के लिए विश्वविद्यालय में कौशल विकास से जुड़े विभिन्न प्रकल्प प्रारंभ किए गए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम अब फलीभूत हो रहे हैं। प्रो चक्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन सेल, आईटीबीआई सेल, जीजीवी स्टार्ट अप फाउंडेशन, टेकनालॉजी इनेबलिंग सेंटर एवं विभिन्न विभागों की मेंटरशिप के सहयोग से 36 स्टार्ट अप जारी हैं जिनमें से इरकी मोटर्स ने ईवी बाइक का निर्माण किया है। स्टार्ट अप इरकी को 300 बाइक के ऑर्डर भी प्राप्त हो चुके हैं। प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि विवि में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को संपूर्ण स्वरूप में क्रियान्वित करने पर अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक क्रांतिकारी दस्तावेज है जो युवाओं के समग्र विकास को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें अनुभवजन्य शिक्षा के साथ कौशल विकास एवं उद्यमिता के लिए प्रेरित करती है।

उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के लिए हम सभी को इस नीति को समग्रता के साथ लागू करना होगा। प्रो चक्रवाल की इस उपलब्धि से सीयू के समस्त सदस्य अतंरराष्ट्रीय सम्मान मिलने पर अत्यंत गौरवान्वित है।

## बिजली कर्मियों की कमीः जनता का हाल-बेहाल

**बिलासपुर।** शहर में बढ़ती विद्युत आपूर्ति की समस्या को लेकर शुक्रवार को पूर्व विधायक शैलेश पांडेय एवं नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप और पूर्व पार्षद रामा बघेल के साथ विद्युत विभाग के कार्यपालक निदेशक ए के एम्बस्ट से मिले। उन्होंने शहरवासियों की समस्या को रखते हुए बार-बार बिजली का जाना और जनता को घंटों तक बिजली न मिलना और विभाग की परेशानियों पर भी चर्चा की।

उन्होंने बताया कि शहर में बढ़ते 1.44 लाख उपभोक्ताओं के लोड को विद्युत विभाग संभाल नहीं पा रहा है, जिले में 4 लाख विद्युत उपभोक्ता हैं और 132 केवीए के 5 सब स्टेशन हैं। 33/11 केवीए के 30 सब स्टेशन हैं। जिसमे 300 एम डब्ल्यू की आपूर्ति हो सकती है, लेकिन 4000 ट्रांसफार्मर होने के बाद भी शहर में लोड की समस्याएं आ रही हैं। इन समस्याओं के निराकरण के लिए कर्मचारियों की कमी से बिजली विभाग जूझ रहा है और न ही पर्याप्त फंड भी है, जिसके चलते जनता की आफ़त बनी हुई है। नई भर्ती विभाग कर नहीं रहा है। ठेके पर भी लोग नहीं मिल रहे हैं न ही पूरा ठेका देने का फंड है। सरकार के पास, मोदी की गारंटी और अन्य वादे झूठे साबित हो रहे हैं और अब सरकार बनने के ढेड़ साल बाद सामने आने लगी है। जब कर्मचारी ही नहीं है तो जनता की समस्या को कौन सुनेगा, इसलिए समस्याओं का निराकरण देरी से हो रहा है। फंड की कमी से भी बीजेपी सरकार बिजली आपूर्ति में नाकाम रही। उन्होंने बताया कि सिलपहरी, बिरकोना, तिफ़रा, मोपका से आपूर्ति पूरी नहीं हो पा रही है।



### शहर को एक नए सब स्टेशन की दरकार

श्री पाण्डेय ने बताय कि बिलासपुर को एक नए सब स्टेशन की दरकार है और कांग्रेस के कार्यकाल में 132 केवीए का सब स्टेशन सेकेंशन हुआ था जो कि अब तक धरातल में नहीं आ पाया है। अब विभाग बिलासपुर में 220 केवीए के सब स्टेशन की तैयारी में है। कब पास होगा और कब बनेगा इसका कोई समय निर्धारण नहीं है।

### संविधान बचाओ आंदोलन के लिए बैठक आज

**बिलासपुर।** बिलासपुर में कांग्रेस की संविधान बचाओ आंदोलन 8 मई को होने वाली थी जो स्थगित कर दी गई थी। अब 19 मई को जांजगीर में कांग्रेस की संविधान बचाओ आंदोलन होने वाली है। इसके लिए बिलासपुर कांग्रेस भवन में शनिवार को बैठक रखी गई है। इस बैठक में जिला प्रभारी सुबोध हरितवाल उपस्थित रहेंगे। कांग्रेस द्वारा पहले दुर्ग में संविधान बचाओ आंदोलन अप्रैल माह में तय की गई थी। लेकिन दुर्ग की संविधान बचाओ आंदोलन स्थगित हो गई थी। अब यह संविधान बचाओ आंदोलन 19 मई को जांजगीर में रखा गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलेट सहित प्रदेश के कांग्रेस के सारे बड़े नेता शामिल होंगे। इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर शनिवार को शाम 4 बजे बिलासपुर के कांग्रेस भवन में बैठक रखी गई है। इस बैठक में शामिल होने जिला प्रभारी सुबोध हरितवाल भी रायपुर से आ रहे हैं।

## एजुकेशन प्लस

### 10 वीं में ऐश्वर्या को मिले 92.8%



**बिलासपुर।** केन्दीय विद्यालय के कक्षा 10 वीं में पढ़ने वाली छात्रा ऐश्वर्या शुक्ला ने सीबीएसई में 92.82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बिलासपुर शहर व अपने विद्यालय का नाम रौशन किया है। वे विकास शुक्ला एवं शिक्षिका नीतू शुक्ला की पुत्री हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं गुरुजन को दिया है।

### अनुष्का बनना चाहती है डॉक्टर



**बिलासपुर।** डीएवी स्कूल की छात्रा अनुष्का गुप्ता को 10वी में 85% अंक प्राप्त हुए हैं। अनुष्का कांग्रेस नेता अखिलेश गुप्ता की पुत्री हैं। वह डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहती है।

### डीएवी के आदेश को मिला 96%



**बिलासपुर।** डीएवी स्कूल के छात्र आदेश लालचंदानी को 10वीं में 96% अंक प्राप्त हुए हैं। वे दीपक लालचंदानी के पुत्र हैं।

### राजीव बनना चाहते हैं चार्टर एकाउंटेड



**बिलासपुर।** डीएवी स्कूल के छात्र राजीव वाधवानी को 12वी कॉमर्स में 93% अंक प्राप्त हुए हैं। राजीव व्यापारी कमलेश वाधवानी के पुत्र हैं। वे अपने भाई से प्रभावित होकर चार्टर एकाउंटेड बनना चाहते हैं

**आवश्यकता है**

**सरस्वती महाविद्यालय**

संदरी कोनी में विश्वविद्यालय परिनियम 28 के अंतर्गत आवेदन पत्र (सम्पूर्ण विवरण सत्यप्रतिलिपि सहित तीन सेट में दिनांक 30/05/2025 तक पंजीकृत डाक द्वारा/ व्यक्तिगत नीचे लिखे पते में आवेदन करे।

पदों का विवरण निम्नानुसार है -

1. प्राचार्य - 01 पद
2. सहायक प्राध्यापक
कम्प्यूटर एप्लीकेशन, कम्प्यूटर साइंस, अंग्रेजी (प्रत्येक विषय में एक पद)
3. अकॉउंटेंट - 01 पद
विश्वविद्यालय के नियमानुसार
4. भृत्य - 01 पद
विश्वविद्यालय के नियमानुसार

नोट:- 1. शैक्षिणक पद हेतु योग्यता एवं वेतनमान यु जी सी के नियमानुसार किया जायेगा। 2. अशैक्षणिक हेतु विश्वविद्यालय के नियमानुसार

आवेदन हेतु पता- प्राचार्य/ सचिव
सरस्वती महाविद्यालय सेंदरी कोनी
खेल परिसर,मालाबन, सेंदरी कोनी
जिला - बिलासपुर, छत्तीसगढ़
मो. 8602410558,7000986529

## बायोटेक्नोलॉजी में शोध की अनंत संभावनाएंः डॉ. सिंह

**बिलासपुर।** डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के डिपार्मेंट आफ बायोटेक्नोलॉजी विभाग में बायोटेक पर शोध एवं नवाचार की संभावनाएं विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। भारत सरकार के साइंटिस्ट डी, डॉ. मनोज सिंह रोहिल्या व्याख्यान के लिए मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे।

उन्होंने शोध एवं अनुसंधान को लेकर अपने अनुभव साझा किया और मार्गदर्शन भी दिया। उन्होंने बायोटेक विभाग में शोध एवं नवाचार पर हो रहे कार्य की प्रशंसा भी की। डॉ. सिंह ने कहां की विश्वविद्यालय में बायोटेक विभाग सहित विज्ञान और प्रौद्योगिकी संकाय के विभिन्न विभागों जैव प्रौद्योगिकी, भौतिकी, रसायन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान एवं कंप्यूटर विज्ञान में विशेष कार्य किया जा रहे हैं इस दौरान उन्होंने बायोटेक विभाग द्वारा किए जा रहे शोध एवं नवाचार के बारे में जानकारी मिली और कहा की भारत सरकार इस विषय पर शोध नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहा है। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्षों, शोधकर्ताओं तथा शिक्षकों से संवाद किया। साथ ही वर्तमान में हो रहे विभिन्न क्षेत्रों के शोध के बारे में उन्हें बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय में चल रहे शोध कार्यों की सराहना की और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की।



### बायोटेक्नोलॉजी में मिलेगा शोध के लिए अवसर

इस अवसर पर डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. तिवारी ने कहा कि डॉ. सिंह का व्याख्यान हमारे लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। उनके विचारों और मार्गदर्शन से हमारे शिक्षक और शोधार्थी निश्चित रूप से उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान कार्यों में और अधिक सक्रियता से भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि आधुनिक लैब लाइब्रेरी सहित बायोटेक्नोलॉजी में युवाओं को शोध के लिए पर्याप्त अवसर विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने डॉ. मनोज सिंह का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।

Ref. NO.49/TIPR/BSP Dated: 16/05/2025

**Tagore Institute of Pharmacy and Research**

(Run by Swargiya Usha Devi Educational Society)

**Requirement**

Application are invited for the Post notified below:-

| | | |
|---|---|---|
| TEACHING | Principal | 01 |
| | Professor, Associate Professor, Assistant Professor- (Pharmacognosy, Pharmacology, Pharmaceutics, Medicinal Chemistry) | |
| NON-TEACHING | Librarian-1, Sport Officer-1, Lab Technician- 2, Peon-2, Driver-2 | |

Qualification, Experience & Salary as per PCI/State Govt. Norms. Interested candidates can mail their resume alongwith relevant documents to tiprpharmacy@gmail.com preferably within 30 Days

Turkadih Bypass Road, Near Sakri Thana, Sakri, Bilaspur (C.G.)

### एनडीपीएस प्रकरणों की विवेचना पर कार्यशाला

**बिलासपुर।** बिलासपुर रेंज अंतर्गत जिलों में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों में विवेचना कार्यवाही प्रक्रिया अनुरूप हो एवं विवेचना के दौरान एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अनुसार सभी प्रक्रिया का पूर्ण हो, इस उद्देश्य से रेंज अंतर्गत जिलों के उप पुलिस अधीक्षक से सहायक उप निरीक्षक स्तर तक के अधिकारियों के लिए शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक द्वारा चेतना भवन में 1 दिवसीय रेंज स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कराया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज डॉ. संजीव शुक्ला ने कार्यशाला में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में देश के समक्ष नशा एक चुनौती है। अन्य अपराध सामान्य नुकसान करते हैं उसकी भरपाई हो सकती है, किन्तु नशा युवा पीढ़ी को खत्म कर रहा है।



**खबर संक्षेप**

## मिनिमल एक्सेस सर्जरी में डॉ चौधरी को मिली फेलोशिप



**गौरेला।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं समाजसेवी शशिकांत चौधरी की बहू एवं उनके पुत्र डॉ अनिमेष चौधरी एमडी मेडिसिन की धर्मपत्नी डॉ आंचल अग्रवाल चौधरी को भारत सरकार की ओर से एफएमएएस की फेलोशिप से नवाजा गया है। यह मिनिमल एक्सेस सर्जरी होती है, जिसमें बहुत ही छोटे छेद से जटिल सर्जरी की जा सकती है। इससे मरीज जल्दी ठीक हो जाता है और उसे अस्पताल से कुछ ही दिनों में छुट्टी भी मिल जाती है। यह एक मेडिकल फेलोशिप प्रोग्राम है, जिसे लेप्रोस्कोपिक और अन्य मिनिमल मशीनरी में प्रशिक्षण देने वाले सहयोगी के लिए डिजाइन किया गया है। डॉ आंचल अग्रवाल चौधरी ने बताया कि यह फेलोशिप एमबीबीएस के बाद जनरल सर्जरी व स्त्री रोग विशेषज्ञ को प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की सर्जरी में अनुभव या अभ्यास की आवश्यकता होती है। इसके साथ ही डॉ आंचल ने टेस्टट्यूब बेबी विज्ञान में भी फेलोशिप प्राप्त किया है। वे सारंगढ़ निवासी अशोका पब्लिक स्कूल के संचालक राजेश अग्रवाल की सुपुत्री हैं, एमसी मणिपाल एवं एम्स रायपुर जैसे विश्व स्तरीय संस्थानों से प्रशिक्षण और अनुभव प्राप्त करने के पश्चात डॉ आंचल वर्तमान में मेटा क्लीनिक एवं शुभ हॉस्पिटल रायपुर में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

## सरस्वती शिशु मंदिर नगोई हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



**बेलतरा।** सरस्वती शिशु मंदिर नगोई हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। इस परीक्षा में 45 में 35 छात्र-छात्राओं ने प्रथम, 10 छात्र-छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। छात्र पोमन साहू 96.83 प्रतिशत, वाणी बारगाह 96.33 प्रतिशत, प्रिया शास्त्री 96.16 प्रतिशत, अनीश कुमार 93.83 प्रतिशत, स्वेक्षा बारगाह 91.5 प्रतिशत, हंशिका यादव 88 प्रतिशत, सरगम चौहान 86.66 प्रतिशत, सृष्टि बारगाह 82.66 प्रतिशत, अखिलेश भोई 82.83 प्रतिशत, पलक गुप्ता 82 प्रतिशत, निखिल बारगाह 81.66 प्रतिशत, कुमकुम बारगाह 81.83 प्रतिशत प्राप्त कर शाल का गौरव बढ़ाया है। सरस्वती शिशु मंदिर नगोई की कक्षा 10 वीं की छात्रा प्रिया शास्त्री ने 96 प्रतिशत अंक लेकर पूरे जिले में 8 वां स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि ने उनके विद्यालय व परिवारजनों का गौरव बढ़ाया है। ज्ञात हो कि प्रिया प्राथमिक शिक्षा से ही मेधावी छात्रा रहीं है। प्रिया का कहना है कि सफलता के लिए खुद की मेहनत जरूरी होती है। कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा होने के कारण साल के शुरू से ही मेहनत की। गणित की साल भर कोचिंग कर शुरू में प्रतिदिन 3-4 घंटे पढ़ाई करती रही। परीक्षा के पास आने पर 7-8 घंटे पढ़ाई की। गणित में निपुण अलंकार शास्त्री से गणित विषय की कोचिंग करती रही। पढ़ाई शुरू करने से पहले गायत्री मंत्र पढ़ती फिर पढ़ाई में मन एकाग्र हो जाता था और याद किए को भूलती नहीं थी। जिले में टॉप टेन लाने का श्रेय मेरे माता-पिता व गुरुजनों को जाता है। प्रिया प्रतिभा दुर्गा प्रसाद शास्त्री की बेटी है।

## आरएसएस ने किया संगोष्ठी सम्मान समारोह का आयोजन




**पेंड्रा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जिला इकाई की ओर से महर्षि नारद की जयंती पर संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन माधवराव सप्रे प्रेस क्लब में किया गया। कार्यक्रम में आरएसएस के जिला संघचालक तीरथ प्रसाद बढ़गईया, बिलासपुर के प्रचार प्रमुख दिनेश मिश्रा, अखिलेश नामदेव, अनिल सिंह ठाकुर, कृष्णा राठौर, सुरेश जायसवाल, अशोक जैन, आशुतोष दुबे, भूपेंद्र राठौर की उपस्थित रहे। तीरथ प्रसाद बढ़गईया ने कहा कि नारद जी आदि पत्रकार हैं, नारद जी शुद्ध रूप को प्रकट किया करते थे। उन्होंने हमेशा सही चीजों को पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को चौथा स्तंभ माना जाता है, किसी भी मीडिया को राष्ट्रीय हित में कार्य करना चाहिए। अखिलेश नामदेव ने कहा कि नारद जी उस समय के पत्रकार माने जाते हैं जब किसी तरह की कोई सुविधा नहीं थी, आज विभिन्न तरह के साधन उपलब्ध हो गए हैं। कार्यक्रम को दिनेश मिश्रा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दुर्गेश सिंह बिसेन, मुकेश विश्वकर्मा, उज्जवल तिवारी, संजय ठाकुर, संदीप अग्रवाल, जितेंद्र सोनी, अंशु सोनी, अंशुमान शर्मा उपस्थित थे।

### डिप्टी सीएम साव ने बेलतरा के लिए 21 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

# डबल इंजन की सरकार में विकास कार्यों ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ मोदी की हर गारंटी पूरा करने सरकार वचनबद्ध

उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने शुक्रवार को बेलतरा विधानसभा क्षेत्र की गांव गोंदइया में आयोजित समारोह में क्षेत्र के विकास के लिए 21 करोड़ 25 लाख रुपए से अधिक लागत के 44 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें इन प्रमुख रूप से गोंदइया में 12 करोड़ 1 लाख की लागत से एनीकेट निर्माण और अरपा नदी में जल संसाधन विभाग के एक करोड़ 69 लाख की लागत से डाइक निर्माण तथा लगरा में दो करोड़ 81 लाख की लागत से एनीकेट प्रोटक्शन वॉल का निर्माण शामिल है। समारोह की अध्यक्षता स्थानीय विधायक सुशांत शुक्ला ने की।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा कि राज्य सरकार मोदी की हर एक गारंटी को पूरा करने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पहले ही कैबिनेट में 18 लाख गरीबों के लिए आवास स्वीकृत किया जो अब पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा की गरीब परिवारों का एक भी घर कच्चा नहीं रहेगा। सरकार सर्वे के जरिए खोज खोज कर उनका आवास पक्का बनाने के लिए कमर कसी हुई है । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हर काम साय साय गति से पूर्ण हो रहे हैं । हमने पुराना धान का बोनस भी 3716 करोड़ रूपया अटलजी की जयंती पर 2023 में दिया। महतारी वंदन का 1 हजार हर महीना दे रहे हैं। अब तक 15 किस्त दिए जा चुके हैं। महिलाएं सोची भी नहीं थी की राशि मिलेगा। लेकिन उनका सपना हमारी सरकार ने पूरा किया। एक तरफ जहां मोदी जी मुफ्त में चावल लोगों को दे रहे हैं वहीं विष्णु देव साय की सरकार महिलाओं को नगद सहायता कर रही हैं। महिलाओं के दोनों हाथों में लड्डू वाली फायदा हो रही है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमारी सेना ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। आतंकवादियों ने जहां हमारे लोगों की धर्म पूछ कर मारा। हम उनके घर घुसकर उनके कर्म पूछ कर हमले किए हैं । आज पड़ोसी देश हमारी सेना के पराक्रम के सामने घुटने टेक दिए। डबल इंजन की सरकार में विकास कार्यो ने रफ्तार पकड़ी है । सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री सहित पूरा मंत्रिमंडल गांव गांव जाकर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुलझा रही है। उन्होंने कहा कि अटलजी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया और विष्णु देव साय की सरकार इसे विकसित स्वरूप में गढ़ने का काम कर रही है। राज्य निर्माण के रजत जयंती वर्ष में गांव गरीबों किसानों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो रहा है। समारोह को जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी और जनपद पंचायत बिल्हा के अध्यक्ष राम कुमार कौशिक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी प्रणव शर्मा समदरिया ने किया।



विकास कार्यों का लोकार्पण करते डिप्टी सीएम, विधायक।

### क्षेत्र में बह रही विकास की धाराः सुशांत

विधायक सुशांत शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा की बेलतरा विधान सभा क्षेत्र में विकास की धारा बह रही है। यह श्रृंखला निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि बेलतरा विधानसभा के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में 164 करोड़ और ग्रामीण क्षेत्रों में 150 करोड़ के विकास कार्य अभी चल रहे हैं । हमारी सरकार की कथनी और करनी एक है। मोदी की गारंटी के रूप में हमने जो वादा किया था उसे पूरा किया है। विष्णु देव सरकार के नेतृत्व में बिना भेदभाव के समाज के सभी तबकों का विकास समान रूप से हो रहा है। उन्होंने सहयोग के लिए उप मुख्यमंत्री श्री साव के प्रति आभार व्यक्त किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, रामदेव कुमावत वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर दयाल शुक्ला, उमेश गौरहा , विजय धर दीवान, डा तिलक साहू विक्रम सिंह, अवधेश अग्रवाल भूपचंद शुक्ला मण्डल अध्यक्ष मनीष कौशिक, रत्नाकर मोनू श्रीवास, पवन कश्यप, जनक देवांगन, लक्ष्मी सिन्हा, गोविंदा साहू, योगेश्वर दुबे, दारा सिंह गंगा साहू ललिता मरकाम शंकुन्तला काछी, रूखमणी साहू, बबीता ताम्रकार जूही वर्मा रीना झा सुखदेव, जनपद सभापति प्रकाश कमल सेन सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## कार्य में लापरवाही पर धोबघट्टी व कलमिडीह पटवारी निलंबित

**लोरमी।** सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर विखं के ग्राम कलमीडीह हल्का नम्बर 3 के पटवारी मनीषा टंडन और ग्राम धोबघट्टी हल्का नम्बर 14 के पटवारी कृष्णा कुलमित्र को निलंबित किया गया। संबंधित हल्का के ग्रामीणों ने समाधान शिविर में दोनों पटवारियों पर किसानों से दुर्व्यवहार करने, काम के एवज में राशि लेने तथा मुख्यालय में अनुपस्थित रहने की शिकायत की थी। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने उक्त शिकायत को संज्ञान में लेते हुए टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए एवं जांच के दौकान शिकायत सही पाई जाने पर पटवारियों को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने निर्देशित किया। नोटिस का जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर दोनों पटवारियों को निलंबित करने की कार्रवाई की गई। निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। इस अवधि में दोनों पटवारियों का मुख्यालय तहसील कार्यालय लालपुर थाना कानूनगो शाखा निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही हल्का नम्बर 8 के पटवारी सावित्री अंचल को ग्राम कलमीडीह और हल्का नम्बर 15 के पटवारी चंद्रभान पात्रे को ग्राम धोबघट्टी के पटवारी को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

**निधन**

### पंडित अजय कुमार मिश्रा

**बिलासपुर।** भारतीय नगर निवासी पंडित अजय कुमार मिश्रा का निधन 16 मई को हो गया। वे 54 वर्ष के थे। उनका संस्कार 17 मई को भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. पं. उपेंद्रनाथ के बेटे, अतुल के भाई, दीपेंद्र के पिता व युवराज और ओमप्रकाश मिश्रा के बड़े पिता थे।



### माधुरी देवी सिसोदिया

**बिलासपुर।** अकलतरा निवासी माधुरी देवी सिसोदिया का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गोपिया तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. डॉ बसंत कुमार सिंह की पत्नी, राहुल सिंह की बड़ी मां, सौरभ सिंह की चाची एवं विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह की दादी थीं।



### नैनी बाई देवांगन

**तखतपुर।** वार्ड 9 बजरंग नगर निवासी नैनी बाई देवांगन 85 वर्ष का शुक्रवार 16 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार सुबह 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सेवानिवृत व्याख्याता आर एन एल देवांगन की पत्नि, शाश्वत देवांगन, संजय देवांगन की माता थीं।



## ग्राम पंचायत सेमरसल में समाधान शिविर का आयोजन



**लालपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार जिले में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सेमरसल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी दी गई और नए आवेदन लिए गए। शिविर में 474 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से सामाग्री प्रदान कर लाभान्वित भी किया गया। एसडीएम अजीत पुजारी ने बताया कि शिविर में 233 हितग्राहियों को पीएम आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृति आदेश, एनआरएलएम अंतर्गत 32 स्व सहायता समूहों को चक्रीय निधि के तहत प्रोत्साहन राशि व सामुदायिक निवेश कोष के तहत 60 हजार रूपए का ऋण एवं लखपति दीदी प्रमाण पत्र दिया गया। नोनी सुरक्षा योजना अंतर्गत 20 को बॉन्ड पेपर, 5 महिलाओं को सुपोषण टोकरी, 28 को शौचालय स्वीकृति आदेश, 20 को पेंशन स्वीकृति आदेश, 23 को जॉब कार्ड, 5 को आयुष्मान कार्ड, 10 को ऋण पुस्तिका, 48 लोगों को राशनकार्ड, 10 कृषकों को स्प्रेयर व पीएम किसान सम्मान निधि का चेक, 10 को फलदार पौधे, 1 को आईस बॉक्स, 2 बच्चों को सायकल व एमआर किट, केसीसी योजनांतर्गत 40 लोगों को 11 लाख रूपए से अधिक की राशि का चेक प्रदान कर लाभान्वित किया गया।

## श्रवण यंत्र मिलने से छात्रा की पढ़ाई हुई आसान



**भर्रीडांड़।** समाधान शिविर के दौरान कान की समस्या जूझ रही छात्रा को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया, जिससे उसको अपनी पढ़ाई जारी रखने में मदद मिलेगी। मरवाही जनपद के ग्राम पंचायत लरकेनी की कक्षा 8वीं की छात्रा चांदनी रैदास सुनने की परेशानी से जूझ रही थी, जिसको लेकर छात्रा चांदनी ने समाधान शिविर निमधा में श्रवण यंत्र के लिए आवेदन किया था। समाज कल्याण विभाग ने मामले को प्राथमिकता देते हुए चांदनी को श्रवण यंत्र प्रदान किया। अब चांदनी स्पष्ट रूप से सुन पा रही है, जिससे न केवल उसकी पढ़ाई आसान हो गई है, बल्कि उसके जीवन में एक नया आत्मविश्वास भी उत्पन्न हुआ है। चांदनी के परिजन ने प्रसन्नता जताते हुए कही कि अब हमारी बेटी बिना किसी रुकावट के पढ़ाई कर सकेगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी का सुशासन तिहार और समाधान शिविर हमारे लिए वरदान साबित हुई है। श्रवण यंत्र मिलने पर उन्होंने विधायक प्रणव कुमार मरपची, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह और कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी का आभार व्यक्त किया है।

## गिरधौना शिविर में 3577 आवेदनों का निराकरण



**तखतपुर।** ग्राम पंचायत गिरधौना में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सम्मिलित 12 ग्राम पंचायत से 3 हजार 5 सौ 77 आवेदनों का निराकरण किया गया। कार्यक्रम में आवास स्वीकृति 11, पेंशन स्वीकृति 10, राशनकार्ड वितरण 9, जॉबकार्ड वितरण 10, बैंक लोन 2 समूह को 4.50 लाख, क्रेडिट कार्ड वितरण 4, लपेटा पाईप 6 व 47 हितग्राहियों को ड्राईविंग लाइसेंस का वितरण किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आमजनों को शासकीय योजनाओं का लाभ उनके क्षेत्र पर ही आसानी से मिल सके तथा उन्हें अपनी समस्या को लेकर कई भटकना न पड़े। शिविर में संतोष कौशिक, डॉ माधवी संतोष वस्त्रकार, राकेश तिवारी, अम्बिका विनोद साहू, कविता महेश यादव, सीमा अश्वनी श्रीवास, मनहरण कौशिक, बबीता देवी जांगड़े, रामकुमार सिंगरौल, रंजना तुलसी कौशिक, श्याम दुबे अपर कलेक्टर, शिव कुमार कंवर एसडीएम, डॉ प्रमोद तिवारी सीएमएचओ, सत्यव्रत तिवारी सीईओ, गोपी सिंह, जसवंत जांगड़े, सुनील तिवारी, विकास जायसवाल, शशांक शर्मा, राजेश लहरे, इंद्राज सिंह, विरेन्द्र कश्यप, पेखन सिंह ठाकुर, बोनू ठाकुर, वेदव्यास सिंह, कैलाश सिंह, शिवचरण कौशिक सहित अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहें।

## युवक कांग्रेस अध्यक्ष ने की लोगों के लिए पेयजल की व्यवस्था



**बोदरी।** पहली बार हुआ है कि नगर पालिका में लोगों को भारी जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। 2,4 वार्ड को छोड़ कर सभी अन्य वार्ड में लोग एक-एक बूंद पानी के लिए लोग भटकते नजर आ रहे हैं। दुर्भाग्य का विषय तो यह है कि बोदरी नपा अध्यक्ष इस समस्या पर पूरी तरहसे निष्क्रिय नजर आ रही हैं। वहीं युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनील साहू पूर्व अध्यक्ष प्रत्याशी सुनील साहू ने वार्ड क्रमांक 7 वाशू मंगलम के पास सब्जी मंडी में अपने निजी कुंआ में समय-समय पर क्लोरिन डाल कर 1000 लीटर की टंकी लगा कर सभी वार्ड वासियों के लिए पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लिया। साथ ही नगर पालिका बोदरी की समस्त जन समस्याओं को सुलझाने हेतु हमेशा तत्पर रहने की भी बात कही।

## स्कूल के पास से शराब दुकान हटाने कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन



**बोदरी।** ग्राम पंचायत हरदीकला टोना के सरपंच, पंच और ग्रामीणों ने शुक्रवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर स्कूल के पास स्थित शराब दुकान को जल्द से जल्द हटाने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से जानकारी दी गई कि सुबह 11 बजे और शाम 5 बजे बच्चियां स्कूल आना-जाना करती हैं। इस दौरान शराब के नशे में लोग बच्चियों पर अभद्र टिप्पणियां करते हैं। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में हर समय भय व्याप्त रहता है। ग्राम पंचायत बिना किसी शुल्क के शराब दुकान को सब स्टेशन के पीछे रूम बना कर देने के लिए तैयार है, वहां दुकान संचालित हो सकती है। ज्ञापन सौंपने के दौरान में सरपंच प्रतिनिधि विष्णु साहू, पंच क्रान्ति बर्मन, पंच बलराज कौशिक, पंच संजय साहू, पंच राकेश ध्रुव एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सरकंडा तहसील व जिला-बिलासपुर छ.ग.**

**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक 14/05/2025

प्रति,
1. आवेदक श्रीमती शीतला पाली पति रामकुमार सा. सरकंडा आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. शैल पाण्डेय 3. पुरूषोत्तम 4. अन्य संबंधित व्यक्ति

**विषय: सीमांकन में उपस्थिति बाबत्।**

संदर्भः न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक क/ तह./ना.तह./वा./2025 बिलासपुर दिनांक 26/12/2024

ग्राम सरकंडा प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 391/8, 190 रकबा 0.014 (1504 व.फु.) हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका शीतला पाली पिता/पति रामकुमार के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 26.05.25 को समय 11 से 5 बजे से किया जाना है। अतः उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**सरकंडा**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार दिनेश कुमार सराफ पिता प्रभु दयाल सराफ निवासी जोरा पारा ग्राम सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) से अधिकृत होकर एवं उनके निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित यह आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने मुख्य सड़क सीपत रोड मौजा सरकंडा, प. ह. न 32 तह. व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं.592/16 रकबा 0.0195 हेक्टेयर (2,100 वर्गफुट) भूमि, को उसके भूमिस्वामी ज्ञान चंद पाठक पिता बाबूलाल पाठक निवासी रामाग्रीन सिटी सरकंडा, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर वाले से क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है तथा बतौर बयाना राशि भी प्रदान कर दिया है जिसकी रजिस्ट्री, विक्रेता द्वारा आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराते ही अतिशीघ्र पंजीयन होना है। अतः इस संबंध में आम जनता को सूचित किया जाता है, उक्त भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, इसके पश्चात कोई भी आपत्ति अमान्य होगी।
दिनांक - 16/05/2025

भवदीय
प्रत्युष शुक्ला अधिवक्ता
पाण्डेय विला के पास जोरा पारा,
सरकण्डा बिलासपुर छ.ग.
मो. नं. 7389353873

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमसेना तहसील सकरी जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
**//सूचना//**

क./क./सीमांकन/रा.नि./2025
अमसेना, दिनांक 16/05/2025

प्रति,
1. तौकीर अहमद
2. राजकुमार अग्रवाल
3. इरशाद अहमद
4. जानूराम साहू
5. अन्य हितबद्ध पक्षकार।

विषयः- सीमांकन के समय उपस्थित रहने बाबत्।
संदर्भः- न्याया. तह./अति./नायब तहसीलदार सकरी के ज्ञापन क्रमांक क्यू/ना.तह./2025 दिनांक 29/04/25

---00---

ग्राम बेलमुण्डी प.ह.नं. 38, रा.नि.मं. अमसेना तहसील सकरी स्थित भूमि ख.नं. 719/8 रकबा क्रमशः 0.1615हे. के सीमांकन हेतु तौकीर अहमद पिता मोईद अहमद निवासी बिलासपुर द्वारा न्यायालय तह. / अति. तह. / नायब तह. सकरी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है।

न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 19/05/2025 को 11.00 से 5. 00 बजे को किया जाना है, जिसमे आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उपस्थित नही होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**टीप:-** आवेदक सीमा-चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदूर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।
दिनांक- 16/05/2025

(धारा कश्यप)
राजस्व निरीक्षक अमसेना

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**
**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र./ब-121/2024-25
ग्राम बिरगहनी प.ह.नं. 13

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम बिरगहनी वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूपदास घृतलहरे पिता/पति खोरबहरा जाति सतनामी निवासी ग्राम बिरगहनी तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने स्वयं के जन्म दिनांक 29.06.1970 को ग्राम पंचायत बिरगहनी में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 22/05/2025 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी जरहागांव

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**
**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र./ब-121/2024-25
ग्राम बिरगहनी प.ह.नं. 13

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम बिरगहनी वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूपदास घृतलहरे पिता/पति खोरबहरा जाति सतनामी निवासी ग्राम बिरगहनी तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने पुत्री अंकिता के जन्म दिनांक 02.05.2006 को ग्राम पंचायत बिरगहनी में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 22/05/2025 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी जरहागांव

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार जमुना शंकर जायसवाल निवासी-अशोक नगर, मुरूम खदान कालोनी, बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्दिष्ट होकर निम्न आशय की आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कृपया अवगत एवं तदनुसार व्यवहार करे:-

मेरे पक्षकार के आधिपत्य एवं स्वामित्व का कार क्रमांक सीजी 10 एफ 8406 (एस्टार) रही है जिसे मेरे पक्षकार के द्वारा वर्ष 2017 में विक्रय किया जा चुका है तथा वाहन के हस्तांतरण हेतु लगने वाले समस्त आर.टी.ओ. दस्तावेज में हस्ताक्षर कर क्रेता को प्रदान किया जा चुका है किन्तु क्रेता के द्वारा आज दिनांक पर्यन्त उक्त क्रयशुदा वाहन का अपने पक्ष में हस्तांतरण/ नामांतरण नहीं कराया गया है, जिसके कारण उक्त वाहन के संबंध में चालान/ फाईन / नोटिस इत्यादि मेरे पक्षकार को प्राप्त हो रहा है जिसके संबंध में मेरे पक्षकार के द्वारा लिखित सूचना/ आवेदन आर.टी.ओ. बिलासपुर में दिया गया है विक्रय के पश्चात उपरोक्त वाहन कार क्रमांक सीजी 10 एफ 8406 (एस्टार) से मेरे पक्षकार का कोई दायित्व नहीं है।

विक्रय के पश्चात क्रेता के द्वारा क्रयशुदा वाहन को अपने पक्ष में हस्तांतरण / नामांतरण नहीं किए जाने की स्थिति में अथवा विवाद/ कानूनी कार्यवाही / वाहन का अवैधानिक कृत्य में उपयोग में लाये जाने पर मेरा पक्षकार किसी भी प्रकार का जिम्मेदार नहीं होगा अपितु वाहन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी उपयोगकर्ता / क्रेता की होगी। अस्तु सूचना से अवगत हो तदानुसार व्यवहार करें। दिनांक 16.05.2025

भवदीय
(हरीश कुमार अग्रवाल)
अधिवक्ता
मो.नं. 9827483146

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /मा.क्र. ब- 121 / 2024-2025

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम सैदा म.न. 6, प.ह.नं. 41, तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश कुमार साहू पिता स्व. राम लाल साहू निवासी तिफरा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम सैदा म.न. 6 प.ह.न. 41 स्थित भूमि ख.न. 311/3 रकबा 0.392 हे. भूमि में से 0.0980 हे. भूमि ख.न. 311/9 आवेदक के नाम पर अभिरलेखा दुरूस्त किया गया है। भूमि ख.न. 311/9 रकबा 0.098 हे. भूमि का किसान किताब जारी किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में पेश किया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 30.05.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 16.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी

**न्यायालय तहसीलदार सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक //क/वा/तह./2024
सकरी दिनांक 6/5/2025

एदत द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका धनउराम पिता/पति दुकालू निवासी ग्राम खपरी तहसील नादघाट जिला बेमेतरा छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार ग्राम अमेरी प.ह.न. 43 रा.नि.म. सकरी व तहसील सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 265/5 रकबा 0.0180 हे. भूमि का अभिलेख सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 05/06/2025 के पूर्व इस न्यायालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते है, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 6/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार, सकरी

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2024-25
पक्षकार :- अभिषेक उपाध्याय पिता पदुमन उपाध्याय .........आवेदक

**बनाम**

मनुराज पाण्डेय पिता स्व. आनंदीलाल पाण्डेय ..........अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अभिषेक उपाध्याय पिता पदुमन उपाध्याय निवासी त्रिवेणी नगर सरकंडा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चांटापारा नजूल शीट नं. 18 प्लाट नं. 7/3 मे से रकबा 154.5 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि नजूल अभिलेख में अनावेदक मनुराज पाण्डेय पिता स्व. आनंदीलाल पाण्डेय के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक के व्दारा अनावेदक से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 03.06.2012 के माध्यम से क्रय कर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 23/5/2025 को न्यायालीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 4/4/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार विजय कुमार गुप्ता पिता चन्द्र प्रकाश गुप्ता निवासी मोपका मेन रोड वार्ड नं. 47 मोपका बिलासपुर (छ.ग.) से अधिकृत होकर यह आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि मेरे पक्षकार द्वारा मौजा मोपका प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 2564/1 रकबा 0.006 हे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा 1. बरमत बाई पति स्व. मेलू राम 2. राजेन्द्र कुमार पिता स्व. मेलूराम 3. कैलाशा बाई पति स्व. फेकू लाल 4. लल्लू राम पिता स्व. फेकू लाल सूर्यवंशी 5. ओम प्रकाश पिता स्व. फेकूलाल 6. चन्द्र प्रकाश पिता स्व. फेकू लाल सभी निवासी मोपका बिलासपुर 7. मंजू बाई सूर्यवंशी पति शत्रुहन प्रसाद निवासी भरारी बिलासपुर 8. दुर्गा देवी बृजवासी पति रविकांत बृजवासी निवासी तेलसरा चकरभाटा बिलासपुर 9. मान कुंवर सूर्यवंशी पति स्व. मया राम निवासी कडार बिल्हा बिलासपुर से क्रय करने का पक्का सौदा हुआ है एवं सभी पक्षकारों के समक्ष उपस्थित होकर बयाना राशि प्रदान की गयी है जिसकी रजिस्ट्री निकट भविष्य मे की जावेगी उक्त संबंध में किसी भी संस्था, सरकारी कंपनी, अर्द्ध सरकारी, वित्तीय संस्थान निजी फर्म, या अन्य किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति होतो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत करें। समय अवधि समाप्त होने के उपरांत किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
दिनांक 16.05.2025
सो सूचना जाने।

विष्णु कुमार सोनी, अधिवक्ता
चांटीडीह, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 7987346500

**राजस्व निरीक्षक मण्डल सीपत व तह. सीपत जिला बिलासपुर**
**सीमांकन सूचना**

प्रति, दिनांक ..........
1. श्रीमती काबेरी मिश्रा पति शीतल आवेदक 2 श्री पटुमलाल पाटनवार (उषा देवी) 3. फिरोज अली, सलीम वीरानी 4. लक्ष्मीन बाई ढीमर (गणेशराम) 5. शिव भोई 7 श्री राम इंटरप्राईजेस

विषय सीमांकन/बंटाकन में उपस्थित रहने बाबत।
संदर्भः- तहसीलदार सीपत के ज्ञापन दिनांक : 3/3/25

संदर्भित विषयातर्गत ज्ञापन में ग्राम रा.नि.म. सीपत व तह. सीपत व जिला बिलासपुर छ.ग. के अंतर्गत खसरा नंबर 732/1 रकबा 0.057 भूमि स्वामी काबेरी मिश्रा निवासी सीपत के द्वारा सीमांकन/ बंटाकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। उक्त भूमि का सीमांकन/बंटाकन दिनांक 20/05/25 को लगभग 11 से 5 बजे किया जाएगा।

अतः आप समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथी एवं समय पर उपस्थित होवे। अनुपस्थिति की दशा में अपरिहार्य कारणों से सीमाकंन/बंटाकन तिथी में परिवर्तन किया जा सकता है।

रा.नि.म. सीपत
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 17 मई 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255





## छात्रों ने बनाई आकर्षक रंगोली

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी और स्वयं सेवकों का विशेष योगदान रहा। जिनमें ऊषा राठौर साइंस कॉलेज, शत्रुघ्न घृतलहरे शासकीय महाविद्यालय मदन लाल शुक्ल सीपत, यूपेश कुमार डीपी विप्र महाविद्यालय, मोना केंवट पीएनएस महाविद्यालय, मुकेश कुमार सोनी, प्रियंवदा पांडे, रोहित कुमार लहरे सीएमडी महाविद्यालय, विभांशु कुमार, आर्यन दुबे सहित 200 से अधिक स्वयं सेवकों की सहभागिता संगोष्ठी में रही।

आयोजन

## डॉ. मढरिया नेत्र विशेषज्ञों के सर्वोच्च सम्मान से नवाजे गए



**बिलासपुर।** हैदराबाद में आयोजित नेत्र विशेषज्ञों के एकॉइन सोसायटी के राज्य स्तरीय सम्मेलन में वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एकॉइन एवं आशीर्वाद लेजर फेको नेत्र चिकित्सालय के डायरेक्टर डॉ. एलसी मढरिया को तेलंगाना नेत्र विशेषज्ञों के सर्वोच्च सम्मान पद्मभूषण डॉ. वीपी शिवा रेड्डी मेमोरियल डॉ. रामप्रसाद एकॉइन तेलंगाना स्टेट ओरेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस सम्मेलन में तेलंगाना के लगभग 225 नेत्र विशेषज्ञों ने भाग लिया। शहर के डॉ. मढरिया द्वारा मोतियाबिंद के एडवांस फेको से ऑपरेशन के बारे में व डायबिटीज से हो रहे अंधत्व के एडवांस इलाज इंजेक्शन ब्रोलुजुमेब पेगामैक्स के बारे में व्याख्यान दिया एवं उन्हें सम्मानित किया गया। इस एकॉइन नेत्र विशेषज्ञ के सम्मेलन में पूरे भारत से नेत्र विशेषज्ञ आए, जिन्होंने अपने-अपने विचार रखें। डॉ. भट्टाचार्य गुवाहाटी से, डॉ. प्रोफेसर प्रतिमा ट्रिची, डॉ. चेतन कुमार बेंगलुरु व अन्य नेत्र विशेषज्ञ आए थे। एकॉइन के राष्ट्रीय सचिव डॉ. प्रोफेसर सपन सामंता ने बताया पूरे भारत वर्ष में एकॉइन द्वारा नेत्र विशेषज्ञों का सम्मेलन रखा जाता है।

# 10-जी तक पहुंचेगी दूरसंचार की दुनिया...

**टेलीफोन से संचार का माध्यम 55 वर्षों पहले शुरू हुआ था, जो धीरे-धीरे आज 5जी तक पहुंच गया है। टेलीकॉम की दुनिया में ऐतिहासिक बदलाव से संचार क्रांति का वृहद स्वरूप को सबने देखा और उसका लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। 17 मई को हर वर्ष वर्ल्ड टेलीकॉम दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुनियाभर के टेलीकॉम यूनियन टेलीकॉम सर्विस और इसके प्रभाव पर चर्चा करते हैं। इस साल वर्ल्ड टेलीकम्युनिकेशन डे का टॉपिक डिजिटल इनोवेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट रखा गया है। पहला टेलीफोन कॉल 10 मार्च 1876 को एलेकजेंडर ग्राहम बेल द्वारा किया गया था। इसके बाद दुनिया में संचार क्रांति की शुरुआत हो गई थी। 17 मई 1969 को पहली बार वर्ल्ड टेलीकम्युनिकेशन डे मनाया गया था। पिछले 55 साल में टेलीकॉम सर्विस लैंडलाइन से लेकर 5G स्मार्टफोन पर शिफ्ट हो गई है। अगामी भविष्य को लेकर इस फील्ड की संभावनाओं पर बात करें तो यह 10जी तक जाएगा।

## आज वर्ल्ड टेलीकाम डे

### 55 सालों में बदला कम्युनिकेशन सिस्टम, लेडलाइन से ब्रॉडबैंड तक का सफर




### इंटरनेट ने बदली दुनिया

इंटरनेट के आने के बाद संचार की प्रक्रिया में जो तीव्रता आई है, यह अकल्पनीय है। इससे देश-दुनिया में संचार करना सुलभ तो हुआ ही है साथ इससे समय की बचत भी हुई है। आज बैठे-बैठे दुनिया के किसी भी कोने में हम संवाद कर सकते है और इसके साथ ही सूचनाओं का आदान-प्रदान भी कर सकते है।

### हैवी हैंडसेट से पॉकेट साइज में पहुंचा मोबाईल



प्रोफेसर आरके सिन्हा ने बताया कि इंटरनेशनल कम्युनिकेशन यूनियन के बनाए जाने के चार साल बाद 3 अप्रैल 1973 को पहली बार मोबाइल कॉल किया गया था। यह मोबाइल कॉल मोटोरोला के एक रिसर्चर और एक्जीक्यूटिव मार्टिन कूपर ने किया था। मार्टिन कूपर ने जिस मोबाइल हैंडसेट के जरिए कॉल किया था, उसका वजन 2 किलोग्राम था। हालांकि, आज आने वाले मोबाइल हैंडसेट पहले मोबाइल फोन के मुकाबले वजन में काफी हल्के होते हैं। पहले तो पॉकेट में भी नहीं आते थे, मगर अब के हैंडसेट को आसानी से रखा जा सकता है।



### टेलीकॉम ने डिजिटल मीडिया का बनाया जाल

प्रोफेसर पीयूष शिंदे ने बताया कि टेलीकॉम में बढ़ते-बढ़ते हम डिजिटल वर्ल्ड में एंटर कर चुके हैं। जहां हर कुछ डिजिटल देख और उसका उपयोग भी कर सकते हैं। हमारे कीमती दस्तावेज हो या रूपए सब कुछ अब डिजिटल सुरक्षित रखकर इसका उपयोग भी किया जा रहा है। इसमें गुमना या चोरी होने जैसे डर भी अब खत्म हो गए हैं और लोगों को इसे रखकर चलने की जरूरत भी नहीं पड़ती।

धर्म-क्षेत्र

## दिव्य मंत्रों के उच्चारण से प्रवाहित होती है सकारात्मक तरंगे : स्वामी नंदाचार्य

**बिलासपुर।** सनातन का अर्थ जो शाश्वत, चिरस्थाई, दृढ़ व आदि अंत रहित हो है। जो निरंतर ज्ञान का विस्तार करें। यह दुभाग्यपूर्ण है कि लोग सनातन का नितांत संकुचित अर्थ लगाते हैं। सनातन संस्कृति भारत की पहचान है। सनातन हमारा प्राण हैं, जिस पर हमें गर्व है। दिव्य मंत्रों के उच्चारण से सकारात्मक तरंगे प्रवाहित होती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में सनातन मूल्यों का



क्षरण, अंधानुकरण, पाश्चात्य संस्कृति का दुष्प्रभाव तथा दुष्चक्र हमारी प्राचीन विरासत और धरोहर को खंडित कर रहा है। आज सनातनी लोग नियमित रूप से न मंदिर जा रहे हैं और न ही व्रत उपवास,न यज्ञ, अनुष्ठान आदि कर रहे हैं। न कथा श्रवण ही कर रहे हैं। वस्तुतः व्रत, त्योहार, यज्ञ, पूजन, कथा पारायण, शिखा, तिलक, धौत वस्त्र धारण, शीघ्र शयन, ब्रह्म मुहुर्त जागरण, षोडश संस्कार, शाकाहार आदि इन सभी की पृष्ठभूमि में सम्यक वैज्ञानिकता है। भागवत कथा, रामकथा, शिव कथा, गो कथा आदि से विशिष्ट प्रेरणा और सीख मिलती है। जिसकी विशद-व्यापक सुखद प्रभान्विति होती है। योग, संगीत और कला भी भारत की अमूल्य धरोहर है। सनातन संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम्- की भावना से अनुप्राणित है।

# विकास कार्यों की निरंतरता के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव आज की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के सभागार में वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास मंत्री तोखन साहू की मुख्य आतिथ्य और प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण कुमार साव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अटल बिहारी वाजपेई प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित एवं कुलगीत के साथ किया गया।

मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री तोखन ने कहा कि विकास कार्यों की निरंतरता के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव आज की आवश्यकता है। चुनाव में आम जनता की भागीदारी इससे बढ़ेगी, देश आर्थिक रूप से अधिक मजबूत होगा। प्रशासनिक अधिकारियों की समय की बचत से आम जनता के कार्यों का निराकरण और तत्परता से हो सकेगा। संवैधानिक संशोधनों की प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करने के साथ संविधान शिल्पी डॉ. भीम राव अंबेडकर और देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की मंशा भी एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर थी। इसके पश्चात युवाओं के द्वारा इस विषय पर पूछे गए सभी सवालों का जवाब भी मंच में उपस्थित अतिथियों द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डिप्टी सीएम अरुण कुमार साव ने चुनाव की ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य कहा के समय के साथ साथ हमारा लोकतंत्र और मजबूत हुआ है, मतदाता लोकतंत्र की आत्मा है, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए कई कड़े निर्णय लेने होंगे। बार बार के चुनाव से देश की प्रगति अवरुद्ध होती ही, राष्ट्र की तरक्की और मजबूती के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसिक निर्णय का हमें स्वागत करना होगा। श्री साव ने कहा कि पोकरण से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक राष्ट्र के योगदान को भी युवाओं के बीच रखते हुए युवाओं की भूमिका को राष्ट्र हित में आवश्यक बताया।

कार्यक्रम के समाप्ति के पूर्व कुलपति प्रो. अरुण नाथ दिवाकर बाजपेई द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन और ऑपरेशन सिंदूर विषय पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास मंत्री तोखन ने को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नाम धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मनोज कुमार सिंहा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. एचएस होता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, धर्मजीत सिंह तखतपुर विधायक, सुशांत कुमार शुक्ला, धरम लाल कौशिक, क्रेडा आयोग के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, महापौर पूजा विधानी, दीपक सिंह, मोहित जायसवाल कुलसचिव शैलेन्द्र दुबे, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, संदीप कुमार अग्रवाल जिला पंचायत सीईओ, परीक्षा नियंत्रक तरुण धर दीवान, प्राचार्य के के भंडारी उपस्थित रहे।




### समय, संसाधन और धन की बचत

सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरुण नाथ दिवाकर ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के 141 करोड़ जनसंख्या की सहूलियत के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव आज की आवश्यकता है। समय, संसाधन और धन की बचत होने के साथ साथ विकास के लिए देश के युवाओं को इस निर्णय का स्वागत करते हुए जनमत तैयार करने के लिए सबको आगे आना चाहिए।

## क्लोजिंग फाइनेंशिएल स्टेटमेंट विषय पर सेमिनार

**बिलासपुर।** भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान की बिलासपुर शाखा द्वारा क्लोजिंग फाइनेंशिएल स्टेटमेंट विषय पर एक अर्ध-दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार बिलासपुर स्थित आईसीएआई भवन में आयोजित हुआ। जिसका उद्देश्य चार्टर्ड एकाउंटेंट्स एवं वित्तीय पेशेवरों को वित्तीय विवरणों को समापन करते समय अपनाई जाने वाली विधियों, अनुपालनों एवं नवीनतम मानकों की जानकारी देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा अध्यक्ष सी.ए. मनीष सखूजा द्वारा स्वागत भाषण के साथ किया गया, जिसमें उन्होंने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सेमिनार के उद्देश्य और महत्त्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में सी.ए. प्रकाश वोहरा इंदौर ने तकनीकी सत्र का संचालन किया और प्रतिभागियों को विषय की बारीकियों से अवगत कराया। बिलासपुर के वरिष्ठ सदस्य सीए सुरेंद्र अग्रवाल,सीए विनोद खत्री,सीए विनोद मित्तल, सीए दिनेश अग्रवाल, सीए कमल बजाज, सीए सत्यकाम आर्य, सीए राजेश मंगल, सीए प्रशांत अग्रवाल, सीए अंशुमन जाजोदिया, सीए उदय चौरसिया, सीए मंगलेश पांडे, सीए मिली डे, सीए पवन अग्रवाल सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में सीए सदस्यों ने भाग लिया और विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों का लाभ उठाया। सेमिनार के पश्चात सम्मान समारोह में ब्रांच के सभी सदस्यों द्वारा सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल की कमेटियों में मेंबर बनने पर सीए सुरेंद्र अग्रवाल, सीए विनोद मित्तल, सीए कमल बजाज तथा सीए अंशुमन जाजोदिया को शॉल व श्रीफल से सम्मानित किया गया।




**NOTICE**
**Change of Company Name**

Coal India Limited (CIL) hereby announces a change in the name of the following company participating in the CIL e-auction scheme.

| | |
|---|---|
| Old Company Name: | **PARAMMITTER REALTORS PRIVATE LIMITED.** |
| New Company Name: | **PARAM MITTER VENTURES PRIVATE LIMITED.** |
| This change is effective as of: | **16-01-2025** |

All participants and relevant stakeholders are requested to note this change. Reference to the CIL e-auction scheme document. Any specific documents related to the name change process within CIL e-auction.

Contact Information

**Somvir Sindhu, Director**
**07752 408598**
**Email: parammitter2019@gmail.com**


कार्यक्रम

## कायस्थ समाज ने समाज की कन्या का कराया विवाह



**बिलासपुर।** कायस्थ समाज द्वारा तोरवा में विवाह संपन्न कराया गया, लड़की के माता-पिता नहीं थे, लड़की के आर्थिक स्थिति को देखते हुए कायस्थ समाज ने सहयोग दिया। कायस्थ समाज के सदस्यों से प्राप्त नगद राशि से पलंग, बिस्तर, आलमारी, फ्रिज, कूलर, टीवी खरीद कर दिया गया है। इसके अलावा कुछ सदस्यों द्वारा गृहस्थी के लिये आवश्यक सामान भी दिया है। अध्यक्ष आलोक वर्मा ने कहा की दहेज जैसे सामाजिक बुराईयों को समाप्त करने तथा आर्थिक रुप से कमजोर परिवार को सहयोग प्रदान करने के लिये हमारा समाज अपना महत्वपूर्ण योगदान आगे भी देता रहेगा। इस अवसर पर नव दंपती को सुखमय वैवाहिक जीवन की असीम मंगलमय शुभकामनाएं देने के लिये विजय किशोर वर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव, रजनीकांत वर्मा, जयंत श्रीवास्तव, अशोक रंजन वर्मा, के के वर्मा, गोवर्धन वर्मा, चन्द्रकांत वर्मा, वरूण वर्मा, अनिल वर्मा आदि की उपस्थित रहें।

स्पोर्ट्स

## प्रिंस ने बॉक्सिंग में जीता कांस्य, सभी राज्यों से 250 खिलाड़ियों ने लिया भाग



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय बॉक्सिंग प्रतियोगित खेलो इंडिया खेलो पटना बिहार में संपन्न हुआ। जिसमें अखिल भारतीय स्तर पर सभी राज्यों से लगभग 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। छत्तीसगढ़ का एकमात्र खिलाड़ी 55-60 किलोग्राम वर्ग में प्रिंस कुमार सिंह जो की रेलवे बॉक्सिंग क्लब की ओर से खेलते हैं, उन्होंने भाग लिया। कांस्य पदक जीत कर प्रदेश व बिलासपुर जिले का नाम गौरवान्वित किया है।




## खबर संक्षेप

### वसूली कर घर लौट रहे व्यापारी से लूट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** गन्ना बिक्री के बाद दुकानदारों से वसूली कर लौटै रहे व्यापारी और उसके साथी को बदमाशों ने निशाना बनाया और मोबाइल समेत 28 हजार रूपए की लूट को अंजाम दिया है। घटना कोनी थाना क्षेत्र के सेमरताल की है। पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। सेमरताल के विकास साहू गन्ना बेचने का धंधा करते हैं। वे अपने साथी गोपी साहू के साथ 13 मई को रतनपुर, सीपत क्षेत्र के दुकानदारों से रकम की वसूली के लिए गए थे। रात 9.30 बजे अपने घर लौट रहे थे, इस दौरान रात 10 बजे अपने साथी गोपी के साथ बनियाडीह और भुरीभाठा के बीच जलसो गांव पहुंचे थे, तभी 4 लड़के उनके साथी गोपी से मोबाइल समेत 3000 लूट लिया और व्यापारी के पास रखे 28 हजार रूपए की लूट को अंजाम दिया। दोनों ने बदमाश युवकों के बारे में आसपास पतासाजी की लेकिन पता नहीं चल सका है। शुक्रवार को कोनी थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### पैसा उधार नहीं देने पर युवक की पिटाई

**बिलासपुर।** उधारी पर रकम नहीं देने पर युवक के साथ मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ तारबहार पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। मामले के अनुसार विनोबा नगर के रहने वाले उमेश पिता रेशम उम्र 28 वर्ष टाईल्स और मार्बल का काम करते हैं। कुछ ही दिन पूर्व उनके दोस्त मुकेश के माध्यम से मसानगंज निवासी तवरेज आलम से जान पहचान हुई थी। जरूरत पड़ने पर वे तवरेज को 500-1000 रूपए देते थे, जिसे तवरेज वापस भी कर देता था। प्रार्थी ने पुलिस को बताया अपनी गिरवी रखी कार को छुड़ाने के लिए तवरेज ने उसे 50 हजार रूपए की मांग की, जिसे नहीं देने पर आरोपी ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपी ने युवक को इस कदर मार दिया जिससे उसके आंख और माथे से खून निकलने लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### पुलिस से हुज्जतबाजी 10 आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश पर आपस में आम रास्ते पर वाद- विवाद करते हुए युवक दहशत फैला रहे थे। वहीं पुलिस के समझाने पर भी मामले को तूल देना अब युवकों को मंहगा पड़ गया है। गुरूवार की रात अशोक नगर चौक के पास वाद विवाद करते हुए कुछ युवक मारपीट करने पर उतारू थे। आसपास के लोगों ने सरकंडा थाने को इसकी सूचना दी। तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पुलिस को देख कुछ लड़के भाग निकले, लेकिन कुछ लड़के वहीं खड़े रहे। पुलिस टीम से युवक विवाद करने लगे। अधिकारियों के निर्देश पर युवकों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस ने हिमांशु श्रीवास पिता मन्नू राम श्रीवास, अमन लहरे पिता राजू लहरे, सहारा यादव पिता संतोष यादव, गौकरण उर्फ कोंदू साहू पिता ललित साहू निवासी बगदई मंदिर, सुदामा साहू पिता आर्यन साहू, नंदराम श्रीवास पिता दुर्गा श्रीवास, अभिषेक गोश्वामी उर्फ अंशु पिता चेतन गोस्वामी, करण यादव उर्फ के.डी पिता फेकूराम यादव,, खिंटू साहू उर्फ टंकू पिता राम भवन साहू, गणेश यादव उर्फ दादू पिता घासीराम यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### 1920 वाहन चालकों के लाइसेंस सस्पेंड

**बिलासपुर।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात विभाग द्वारा नियमित रुप से सख्त एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को नियमों का उल्लंघन करने वाले 1920 वाहन चालकों का लाइसेंस निलंबित किया गया। यह कार्रवाई एसएसपी रजनेश सिंह के दिशा-निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे के नेतृत्व में किया जा रहा है। यातायात पुलिस जहां एक तरफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर ही है। वहीं दूसरी तरफ ऐसे वाहन चालक जिनके द्वारा लगातार यातायात नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। इसकी जानकारी जिला परिवहन विभाग को भेजकर लाइसेंस निलंबित किया जा रहा है। ताकि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को सबक मिल सके। यातायात पुलिस द्वारा शुक्रवार को 1920 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की गई है।

**दो साल से बंद काम फिर शुरू** | नदी किनारे बाउंड्री वाल बनाई जाएगी, जिससे सड़क का कटाव रोकने मदद मिलेगी

# अरपा किनारे फोरलेन सड़क का एस्टीमेट 93.70 करोड़ से बढ़कर हो गया 140 करोड़

**बिलासपुर।** अरपा के दोनों किनारों पर बन रहे फोरलेन सड़क का एस्टीमेट 93.70 करोड़ से बढ़कर 140 करोड़ के पार हो गया है, लेकिन चार साल से काम अधूरा है। अब एक बार फिर पुराने पुल से गोंड़पारा से होते हुए शनिचरी रपटा तक काम जो कि दो साल से से बंद है उसे शुरू किया गया है। फिलहाल सड़क को समतल करने की कोशिश की जा रही है। इसके साथ ही नदी में जमा सिल्ट मशीनों की मदद से हटाया जा रहा। पटाई के बाद सड़क को समतल किया जाएगा ताकि वह वाहनों के आवागमन के लायक बन सके। इसके बाद नदी किनारे बाउंड्री वॉल बनाई जाएगी, जिससे सड़क का कटाव रोकने मदद मिलेगी और लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

गौरतलब है कि यह सड़क कई महीनों से अधर में लटकी थी। अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी और बजट से जुड़ी वजहों से काम रुका था जो कि फिर से शुरू किया गया है। इस स्मार्ट सड़क बनने से न सिर्फ शहर को एक वैकल्पिक रूट मिलेगा, बल्कि अरपा नदी के किनारे का सौंदर्यीकरण भी होगा। ध्यान रहे कि इससे पहले इंदिरा सेतु से लेकर राम सेतु तक स्मार्ट सड़क बनाई जा चुकी है। अरपा उत्थान एवं तट संवर्धन प्रोजेक्ट के तहत इंदिरा सेतु से शनिचरी रपटा तक नदी की दोनों ओर नाला, सड़क और सौंदर्यीकरण के कार्य का ठेका गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर ने लिया था।

ठेका कंपनी ने नदी की दांई ओर इंदिरा सेतु से पुराना पुल तक बस प्रथम चरण को पूर्ण किया है। ठेका कंपनी को शेष कार्य तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश देने के बावजूद कार्य धीमी गति से संचालित किया जाता रहा। कार्य में प्रगति नहीं लाने पर स्मार्ट सिटी के एमडी अमित कुमार के निर्देश पर ठेका कंपनी गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ 37 लाख 50 हजार रुपए की पेनाल्टी भी लगाई गई है।



**डेढ़ करोड़ रुपए के कांक्रीट कास्टिंग बेकार पड़े:** ध्यान रहे कि शनिचरी रपटा की तरफ पूरी तरह से काम बंद है। शनिचरी की तरफ करीब 400 मीटर का टो वाल बना लिया गया था लेकिन अधिकारियों ने काम बंद करा दिया। यहां कांक्रीट कास्टिंग करते हुए सीमेंट के बड़े वाल बनाने में करीब डेढ़ करोड़ खर्च किए गए। यह बेकार पड़े हैं। यहां सबसे बड़ी समस्या सामान चोरी होने की है। चांटीडीह की तरफ कई बार छड़, सीमेंट और सरिया की चोरी हो जा रही है। इसकी शिकायत भी निगम, प्रशासन और पुलिस से की गई लेकिन कुछ नहीं हुआ। रात में पूरा एरिया नशेड़ियों का अड्डा बन जाता है।

### पुराने पुल से रपटा तक बनेगी सड़क

गौरतलब है कि अरपा के दोनों किनारों पर 1800-1800 मीटर फोरलेन रोड के निर्माण के लिए साल 2021 में 94 करोड़ का वर्क आर्डर किया गया था। इसका काम फरवरी 2023 तक पूर्ण हो जाना था, लेकिन दो साल से अधिक की देरी हो चुकी है। मई 2025 भी गुजर रहा है लेकिन काम 20 प्रतिशत भी नहीं हो सका है। लगातार हो रही देरी को देखते हुए बिलासपुर स्मार्ट सिटी प्रबंधन ने प्रोजेक्ट को जल्दी पूरा करने के लिए प्रथम चरण में इंदिरा सेतु से पुराने पुल तक नदी के दोनों किनारे 600-600 मीटर रोड निर्माण का टारगेट रखा। एक तरफ की सड़क बन गई है। अब पुराने पुल से रपटा तक सड़क बनाने का काम शुरू किया गया है।

### फिर शुरू हो गया है काम

अरपा किनारे सड़क का काम फिर से शुरू किया गया है। पुराने पुल से गोंड़पारा से होते हुए शनिचरी रपटा तक फिलहाल सड़क को समतल किया जा रहा है। इसके साथ ही नदी में जमा सिल्ट मशीनों की मदद से हटाया जा रहा। पटाई के बाद सड़क को समतल किया जाएगा ताकि वह वाहनों के आवागमन के लायक बन सके।

- **राजकुमार मिश्रा**, टैक्निकल मैनेजर, स्मार्ट सिटी

पूरे जिले में हर घर नल-जल योजना का हाल, पीएचई विभाग का कमाल

# टंकी तैयार, पूरे गांव में सप्लाई पाइप लाइन बिछी, पानी का पता नहीं



ग्राम नगोई स्थित पानी की टंकी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गगनचुंबी पानी की टंकियों का निर्माण हो चुका है। पूरे गांव में पानी की सप्लाई के लिए पाईप लाईन बिछाई जा चुकी है। बस पानी का पता नहीं है। पीएचई विभाग के अनुसार जिले में 372 पानी की टंकियों का निर्माण किया गया है, जिनमें 223 में पानी की सप्लाई हो रही है। इसी तरह 149 टंकियों में विभिन्न कारणों के चलते जलभराव नहीं हो पा रहा है। ये 149 टंकियां किन गांवों में है, और वहां पानी की क्या व्यवस्था है? ये जानकारी पीएचई विभाग में उपलब्ध नहीं होना अपने आप में शर्मनाक है।

सरकार के पैसे की बर्बादी देखने के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं है। इसके लिए पीएचई विभाग द्वारा हर घर नल-जल योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों को देखा जा सकता है। पीएचई विभाग इन दिनों पूरे जिले में नल-जल योजना के अंतर्गत पानी की नई टंकियों के निर्माण, पूरे गांवों में पाईप लाईन बिछाने के कार्य व बोर खनन में व्यस्त है। नगोई में पीएचई द्वारा पानी टंकी का निर्माण किया गया है। पूरे गांव में पाईप लाईन भी बिछाई जा चुकी है, लेकिन अब तक बोर खनन नहीं कराया गया है। जिले में लगभग सभी जगहों पर जलस्तर में लगातार गिरावट आ रही है। अनेक स्थानों पर तो बोर फेल हो जा रहे हैं। ऐसी हालत में नगोई में कार्य के अंत में बोर खनन के दौरान पानी उपलब्ध नहीं होने से शासन का इस योजना का पूरा पैसा बर्बाद हो जाएगा। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 553 आरसीसी व 276 सोलर टंकियां हैं। 372 टंकियां पूर्ण हैं, जिनमें 223 टंकियों में जलभराव हो रहा है। इसी तरह 149 टंकियां ऐसी हैं, जहां पंप खराब होने, बोर नहीं होने, जलस्तर नीचे होने या पाईप लाईन टंकी से नहीं जोड़े जाने के कारण टंकियों में जलभराव नहीं हो पा रहा है।

### हमारे पास कोई सूची उपलब्ध नहीं

इस संबंध में पीएचई के ईई हर्ष कवीर का कहना है कि जिले में किन-किन गांवों में पानी की समस्या है? किन-किन गांवों में पानी की टंकियों में जलभराव नहीं हो रहा है? इसकी कोई सूची विभाग में उपलब्ध नहीं है। यह जानकारी ब्लाक में रहती है। किसी भी गांव में पानी की समस्या का पता चलने पर ब्लाक स्तर पर संबंधित गांव में पानी के लिए बोर या अन्य वैकल्पिक व्यवस्था की जाती है।

### टंकी निर्माण व पाइप लाइन बिछाने को प्राथमिकता

नल जल योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में मुख्यतः तीन चरण शामिल हैं। पहला बोर खनन, दूसरा पानी टंकी का निर्माण और तीसरा पाईप लाईन का बिछाव। इन तीनों चरणों में सबसे पहला और महत्वपूर्ण कार्य बोर खनन है, क्योंकि बोर खनन के दौरान यहां पानी की उपलब्धता होने की स्थिति में ही पानी टंकी का निर्माण व पाईप लाईन बिछाने का काम सार्थक है। इसके विपरीत यदि बोर में पानी ही नहीं निकला तो टंकी के निर्माण व पाईप लाईन बिछाने का पैसा पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा। जबकि विभाग टंकी निर्माण व पाइप लाईन बिछाने के काम को पहली प्राथमिकता दे रहा है।

### कलेक्टर ने लगाई थी फटकार

भीषण गर्मी में पूरा जिला जल संकट के दौर से गुजर रहा है। जिसे ध्यान में रखकर कलेक्टर संजय अग्रवाल लगातार बैठक लेकर जलसंकट वाले शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी तरह की समस्या का तत्काल निराकरण करने संबंधित विभागों को निर्देश दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पीएचई विभाग द्वारा जलसंकट वाले गांवों की सूची उपलब्ध नहीं होने की बात पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और ईई पीएचई हर्ष कवीर को फोन कर कहा कि जलसंकट से जूझ रहे गांवों की जानकारी नहीं होना पीएचई विभाग के लिए खेदजनक बात है। जनहित में चलाई जा रही योजनाओं के अंतर्गत विभाग क्या कर रहा है।

# ओवर चार्जिंग : स्टेशन के दो स्टॉल किए गए सील



**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन में यात्रियों से ओवरचार्जिंग की शिकायत पर कामर्शियल विभाग ने दो स्टॉलों को सील कर दिया है। रेलवे स्टेशन में यात्रियों के खान-पान के लिए स्टाल, जनआहार, फूड प्लाजा सहित अन्य सुविधाएं दी गई हैं। इन सभी स्थानों पर खाने-पीने के सामानों से लेकर चाय, काफी, नाश्ता, भोजन व अन्य सामानों की क्वालिटी सहित नापतौल के हिसाब से रेट भी रेल प्रशासन ने तय कर रखा है। रेलवे से मिले सामानों की कीमत से अधिक कोई भी स्टॉल संचालक यात्रियों को सामानों की बिक्री नहीं कर सकते हैं।

वर्तमान में बिलासपुर रेलवे स्टेशन की हालत ऐसी हो गई है कि जिस प्लेटफार्म नम्बर एक पर कोरोना काल से पहले हावड़ा-मुम्बई सहित कटनी रूट की ओर आने-जाने वाली गाड़ियों का स्टापेज दिए जाने से यात्रियों की खचाखच भीड़ रहती थी, वही प्लेटफार्म अब यात्री गाड़ियों के साथ यात्रियों के लिए तरस रहा है। यात्रियों की भीड़ से स्टाल संचालकों को भी अच्छी खासी कमाई करने का मौका मिल जाता था। इसमें सबसे अधिक नुकसान स्टॉल संचालकों को उठाना पड़ रहा है, जिन्हें रेलवे को लायसेंस फीस देने के लिए भी अपनी जेब से पैसे भरने पड़ रहे हैं। यात्री ट्रेन और यात्रियों के नहीं होने के साथ सामानों की बिक्री पर असर पड़ने से कर्मचारियों का वेतन भी मुश्किल से निकल पा रहा है। इसकी वजह से अब स्टाल के कर्मचारी ओवरचार्जिंग करना शुरु कर दिए हैं। कई यात्री पांच से 10 रुपए तक चिल्हर स्टाल में छोड़कर चले जाते हैं, लेकिन कई बार पांच रुपए ओवर चार्जिंग की शिकायत यात्रियों से रेल प्रशासन को मिल जाती है। इसी तरह की शिकायत प्लेटफार्म नम्बर एक रिटायरनिंग रूम के सामने संचालित स्टॉल और प्लेटफार्म नम्बर 7-8 पर संचालित होने वाले स्टॉल में यात्रियों ने ओवरचार्जिंग की शिकायत कामर्शियल विभाग से की। इस शिकायत पर दोनों स्टॉल पर तत्काल ताला लगाकर सील करने की कार्रवाई कर दी गई है।

# एसएसपी ने किया अनुशासनात्मक जनरल परेड का निरीक्षण, दिए निर्देश

- जवानों को शस्त्रों का अभ्यास, आर्म्स ड्रिल कराई गई

**बिलासपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा शुक्रवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में जनरल परेड का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर जिले के समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

परेड में वर्दी की साफ-सफाई, साजसज्जा एवं टर्नआउट के आधार पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जवानों को पुरस्कृत किया गया। वहीं, जिनका टर्नआउट मानकों के अनुरूप नहीं था, उन्हें सुधार करने निर्देशित किया गया एवं आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त परेड ड्रिल कराई गई। इस दौरान आरक्षक क्रमांक 948 रामचंद्र साहू को सर्वश्रेष्ठ वर्दी टर्नआउट के लिए मंच पर बुलाकर अन्य सभी को आदर्श प्रस्तुत किया गया कि एक उत्कृष्ट वर्दी किस प्रकार होनी चाहिए। परेड के उपरांत वाहनों की निरीक्षण प्रक्रिया भी की गई, जिसमें एसएसपी ने मोटर व्हीकल शाखा के रखरखाव, वाहनों की फिजिकल कंडीशन, माइलेज रजिस्टर एवं ड्राइवर डायरी की जांच की। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) रामगोपाल करियारे, सीएसपी (कोतवाली) आईपीएस अक्षय सभद्रा, डीएसपी (मुख्यालय) रश्मित कौर, सीएसपी (सिविल लाइन) निमितेश सिंह, सीएसपी (सरकंडा) सिद्धार्थ बघेल, एसडीओपी (कोटा) नूपुर उपाध्याय, एसडीओपी (मस्तूरी) लालचंद मोहले, डीएसपी रोशन आहूजा एवं समस्त थाना, चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।



पुलिस ग्राउंड में परेड का निरीक्षण करते एसएसपी रजनेश सिंह।

# निगम के 200 कर्मचारियों को 3 महीने से वेतन भुगतान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम के 200 से अधिक प्लेसमेंट कर्मचारियों को तीन महीने से वेतन नहीं मिल रहा है। परेशान कर्मचारियों ने कलेक्टर संजय अग्रवाल के साथ ही निगम आयुक्त अमित कुमार से भुगतान की गुहार लगाई है। स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के प्रांताध्यक्ष सुरेश तिवारी के अनुसार जल विभाग में प्लेसमेंट पर काम कर रहे 187 कर्मचारियों का वेतन बकाया है। इसके अलावा अनुकंपा नियुक्ति के 28 कर्मचारियों को पिछले 5 महीने से वेतन नहीं मिला है।

वेतन के लिए परेशान कर्मचारियों ने बताया कि प्लेसमेंट कर्मचारियों के माध्यम से निगम अपने पूरे काम करा लेता है, लेकिन समय पर वेतन नहीं दिया जाता। ऐसे में हर महीने परेशानी होती है। हालांकि हर बार फंड की कमी के साथ राजस्व वसूली का बहाना बनाया जाता है, लेकिन इस बार तो निगम ने 103 करोड़ रुपए का टैक्स वसूल किया है। इसके बाद भी नियमित वेतन भुगतान नहीं हो पा रहा है। कर्मचारियों ने कहा है कि निगम के पास आय के पर्याप्त स्त्रोत हैं। इसके बाद भी लापरवाही बरती जाती है। ऐसे में तीन - तीन महीने से कर्मचारी बिना वेतन के काम कर रहे हैं। इस बारे में निगम के लेखाधिकारी नरेश देवांगन ने कहा कि पिछले 7-8 महीने से करीब 1000 कर्मचारियों को हर महीने की पहली तारीख को वेतन मिल रहा है। प्लेसमेंट कर्मचारियों का भुगतान उनके ठेकेदारों की फाइल आने पर किया जाता है।



# ढाई साल से फरार आरोपी को सिरगिट्टी पुलिस ने पकड़ा

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी पुलिस ने क्षेत्र में अपराध कर फरार होने वाले आरोपियों को पकड़ने में सफलता पाई है। इसके साथ ही क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले पर भी कड़ा प्रहार किया है और इस दौरान अपचारी बालकों के साथ ही 9 लोगों को गिरफ्तार किया है।

ढाई साल पहले चाकूबाजी कर युवक को घायल करने वाले फरार आरोपी को सिरगिट्टी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में दो आरोपी को रिमांड में पेश किया गया है। मामले में पिता और पुत्र को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें नजरलाल पारा वार्ड क्रमांक 12 के नमन सलूजा उर्फ रुद्र पिता सचिन सलूजा उम्र 20 साल व सचिन सलूजा पिता जगदीश प्रसाद सलूजा उम्र 42 साल को जेल भेजा गया है। इसके साथ ही सिरगिटटी थाना क्षेत्र में अशांति फैलाने वालो के विरुद्ध पुलिस का अभियान चलाते हुए 6 आरोपी तथा 3 अपचारी बालक सहित कुल 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। 4 आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही व 3 अपचारी बालक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। सोशल मिडिया में रील वायरल बनाकर लोगों में दहशत और आतंक फैलाने वाले आरोपी का पुलिस ने जुलुस निकाला और उठक-बैठक कराते हुए माफी भी मंगवाई। इस दौरान पुलिस ने मुस्ताक उर्फ गुफरान पिता सुलेमान खान उम्र 26 साल, आवेष खान उर्फ जावेद पिता अब्दुल खान उम्र 18 साल, शेख मुस्ताक उर्फ कैफ पिता अब्दुल रजक उम्र 19 साल, वाहिद अली उर्फ पापे पिता शहजाद अली उम्र 19 साल को गिरफ्तार किया है। होली पर मारपीट कर फरार 2 लड़कों को भी गिरफ्तार किया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# इंजन की गर्मी से लग गई आग, ट्रक जल कर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेंदरी पेंड्रीडीह बायपास सड़क पर ट्रक धू-धू कर जला गया। इस दौरान ट्रक का ड्राइवर फ्रेस होने व चाय पीने के लिए दुकान गया था। इसी दौरान ट्रक के इंजन में आग लग गई और देखते-देखते ट्रक सड़क पर जलने लगा। बताया जा रहा है कि गर्मी के चलते ट्रक की हीट के कारण शार्ट सर्किट हुआ है। हिर्री पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

सेंदरी-पेंड्रीडीह बायपास पर शुक्रवार देर शाम एक बड़ा हादसा टल गया। गर्मी के कारण ट्रक में आग लग गई। ट्रक का ड्राइवर इस दौरान चाय पीने गया था, लेकिन कुछ ही दूर जाने के बाद उसे एहसास हुआ कि ट्रक में से चिंगारी निकल रही है, वह कुछ कर पाता इससे पहले ही ट्रक धू-धू कर जल उठा। आग इतनी भयावह थी कि चंद मिनटों में पूरा ट्रक जलकर खाक हो गया। स्थानीय लोगों ने आग की लपटें देख फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया लिया, लेकिन इस दौरान ट्रक पूरी तरह जल चुका था। हिर्री पुलिस को इसकी सूचना दी गई है।



### 14 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर शराब बेचने वालो पर कार्रवाई कर रही है। तखतपुर क्षेत्र में शुक्रवार को मुखबीर से सूचना पुलिस ने कार्रवाई की है। ग्राम मोढे छिरहापारा रोड पुलिया में अवैध शराब करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी तखतपुर के नेतृत्व मे टीम बनाकर मौके से एक व्यक्ति को पकड़ा गया। आरोपी ग्राम छिरहापारा का दीपक कुमार बंजारे पिता रूपदास उम्र 26 वर्ष है। उसके पास से पुलिस को प्लास्टिक जरीकेन में 14.5 लीटर कच्ची महुआ शराब मिली है, पुलिस ने मामले में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



16 -MAY--REGNOL---pg-5 ALTAR_Layout 1 5/17/2025 12:08 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### राजकुमार व रोहित बने भाजपा मंडल मल्हार के महामंत्री

**मल्हार।** भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ युवा कार्यकर्ता राजकुमार वर्मा व रोहित कश्यप को भाजपा मंडल मल्हार में महामंत्री नियुक्त किया गया। भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष मोहित जायसवाल के आदेशानुसार मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह की अनुसंसा पर दोनों की नियुक्ति हुई है। इनकी नियुक्ति पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि धनेश्वर कैवर्त ने कहा कि राजकुमार वर्मा व रोहित के कुशल नेतृत्व से भाजपा संगठन पहले से ज्यादा मजबूत होगी। महामंत्री नियुक्त होने के बाद श्री वर्मा ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की 250 से ज्यादा जनकल्याणकारी योजनाए संचालित हैं। उन सभी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए मेहनत करेंगे, साथ ही कार्यकर्ताओं के साथ प्रत्येक बूथ में भाजपा को विजयी बनाने का प्रयास करेंगे।



### पुलिसवालों को दिया गया विभिन्न हथियारों चलाने का प्रशिक्षण



**मुंगेली।** पुलिस ग्राउण्ड में जनरल परेड का आयोजन कर पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को परेड के साथ एके–47, इंसास रायफल चलाने तथा खोलने जोड़ने का अभ्यास कराया गया। साथ ही रायफल की बारीकियों के संबंध में जानकारी दी गई। एसपी भोजराम पटेल के निर्देशन में रक्षित केन्द्र मुंगेली के परेड ग्राउंड में रक्षित निरीक्षक नरगिस खीष्ट तिग्गा बघेल के नेतृत्व में जिले में पदस्थ अधिकारी–कर्मचारियों का शुक्रवार को साप्ताहिक जनरल परेड लिया गया। इस दौरान जिले के पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को सलामी तथा परेड का निरीक्षण कर कतारबद्ध रहते हुए ड्रिलिंग करने को कहा गया। परेड के पश्चात उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित आर्मोरर के द्वारा डेमो दिखाकर एके–47, इंसास रायफल के बारे में बारीकी से जानकारी दी गई। साथ ही पुलिस अधिकारी–कर्मचारियों से आधुनिक हथियार को खोलने जोड़ने का अभ्यास कराया गया। परेड अभ्यास के साथ ही साथ यातायात पुलिस विभाग के की ओर से यातायात नियमों के बारे में बारीकी से जानकारी प्रदान की गई। परेड में उप पुलिस अधीक्षक एसआर घृतलहरे, रक्षित निरीक्षक नरगिस खीस्ट तिग्गा सहित जिले के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं यातायात स्टाफ उपस्थित रहे।

### अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब की बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार




**तखतपुर।** अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब की बिक्री करने वाले आरोपी को पुलिस ने अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि 15 मई की शाम को एक युवक मोढ़े पुल के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए घूम रहा है। सूचना पर पुलिस ने छापा मार कर छिरहा पारा निवासी आरोपी दीपक कुमार बंजारे के पास से 14 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम 34,2 के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### लोगों को मिले समस्याओं का त्वरित समाधानः कलेक्टर



**मुंगेली।** राजस्व के लंबित प्रकरणों पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए 21 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। नवपदस्थ कलेक्टर कुन्दन कुमार ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली, जिसमें समस्त न्यायालयों में समय-सीमा से बाहर के लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जताते हुए सख्त रुख अपनाया। बैठक में कलेक्टर ने अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख तथा एसडीएम सहित कुल 21 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बार-बार रिमाइंडर देने के बावजूद लंबित प्रकरणों का निराकरण नहीं किया जाना कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता तथा उच्च अधिकारियों व शासन के निर्देशों की अवहेलना का द्योतक है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।कलेक्टर श्री कुमार ने चेतावनी देते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि सभी राजस्व अधिकारी सात दिवस के भीतर सभी लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। विशेष रूप से एक वर्ष से अधिक पुराने प्रकरणों को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र निराकृत किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि नागरिकों को राजस्व संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान मिले और प्रशासन की छवि मजबूत हो। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख गिरधारी लाल यादव, लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल, पथरिया एसडीएम अजय शतरंज, तहसीलदार लोरमी शेखर पटेल, तहसीलदार पथरिया श्रीमती छाया अग्रवाल, तहसीलदार जरहागांव कमल किशोर पाटनवार, तहसीलदार मुंगेली कुणाल पाण्डेय आदि मौजूद थे।

## गड्ढों के कारण लगातार हो रहे हादसे, प्रशासन बेखबर

# 20 सालों से मरम्मत का इंतजार कर रहा पथरिया–तखतपुर मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

पांच साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी जनपद एडीएम कार्यालय की ओर जाने वाला पथरिया-तखतपुर मुख्य मार्ग जर्जर अवस्था मे पड़ा है। इस मार्ग से रोज हजारों नागरिकों का आवागमन होता है। सड़क की हालत के बारे में कई बार प्रशासन के अवगत कराया जा चुका है, लेकिन इस पर कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई।

बता दें कि तखतपुर मार्ग और सरगांव मार्ग को जोड़ने वाली नगर की यह व्यस्त व वीआईपी सड़क पिछले 20 सालों से मरम्मत का इंतजार कर रही है। शिकायत पर अधिकारी थोड़ी मरम्मत कार्य करा कर सड़क को चलने योग्य बनाते हैं, लेकिन महीने भर के बाद सड़क की स्थिति फिर वही हो जाती है। स्थिति यह है कि सड़क पर कहीं गड्ढे हैं, तो कहीं सड़क इतनी कट गई है कि कच्ची सड़क में तब्दील हो गई है। नगर पंचायत के लोक निर्माण विभाग के सभापति मेला राम डनसेना का कहना है कि लोक निर्माण विभाग ऐसा कौन सा निविदा निकालते हैं जिसके लिए एजेंसी नहीं मिलती और



सड़क पर बने गड्ढे।

निविदा निरस्त करना पड़ता है। उन्होंने इसके लिए विभागीय अधिकारियों को दोषी बताया जो सही ढंग से एस्टीमेट नही बना पाते और निविदा निरस्त हो जाता है। पंचायत उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष मनोज पांडेय ने कहा कि सड़क का पुनर्निर्माण का प्रस्ताव गया है, विभागीय तैयारियों के बाद निर्माण शुरू होगा। विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव ने कहा कि लगभग 40 साल से इस सड़क का नगर के बाहरी हिस्से में मुंगेली जाने वाली सड़क के लिए बायपास के रूप में उपयोग होता रहा, लेकिन अब घनी बस्ती हो जाने से इसका मुख्य मार्ग के रूप में उपयोग किया जा रहा है।

### चौड़ीकरण किया जाएगा

यह सड़क लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आती है इसलिए हम इसे सुधार नहीं पा रहे हैं। इस विषय पर क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक के माध्यम से मांग की गई है। जल्द ही सड़क का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

- **हुलसी रघु वैष्णव,** नपं अध्यक्ष

### शुरू किया जाएगा निर्माण

सड़क को पूरी तरह तोड़कर चौड़ीकरण का प्रस्ताव वर्तमान बजट में स्वीकृति के लिये भेजा गया है। राशि मिलते ही निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

- **एन के जैन,** एसडीओ, लोकनिर्माण विभाग

### विखं के अधिकारियों का है आना जाना

नगर पंचायत स्थित लोक निर्माण विभाग की इस जर्जर सड़क से ही विखं ड के आला अधिकारियों का आवागमन होता है। चूंकि इसी सड़क के किनारे जनपद, तहसील कार्यालय, सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र, एसडीएम ऑफिस सहित विभागीय कार्यालय स्थित हैं लिहाजा जिले के अधिकारी भी इसी सड़क से नगर पहुचते हैं। इसके बावजूद इस सड़क की जर्जर हालत प्रशानिक निष्क्रियता को दर्शाती है।

### जर्जर सड़क बन रही दुर्घटना का कारण

नगर के मुख्य बाजार से भारी वाहनों के जाने से घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है, इसलिए इन वाहनों को जनपद सड़क से ही जाना होता है। चूंकि सड़क बुरी तरह टूट चुकी है इसलिए भारी वाहन इसमें फंस जाते हैं एवं कई बार पलट भी जाते हैं एवं मोटरसायकल से होने वाली दुर्घटनाओं का कोई हिसाब नहीं है। फिर सड़क निर्माण पर गम्भीरता नही दिखाई जा रही।

## अघोषित बिजली कटौती बनी लोगों की परेशानी का सबब

**पेंड्रा।** शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में उमस भरी गर्मी में विद्युत की बदहाल व्यवस्था को लेकर उपभोक्ता परेशान हैं। भीषण गर्मी व उमस भरे इस मौसम में नगर में प्रतिदिन कई बार लोगों को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ता हैं। रात में बिजली की कटौती इतनी बार होती है कि रात में लोगों का सोना मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि तेज धूप व उमस ने सभी को परेशान कर रखा है, ऊपर से बिजली की अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने का काम करती है। रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है, एक दिन में आठ से दस बार बिजली गुल होना आम बात हो गई है। बिजली की कटौती के कारण छोटे-छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी, इसकी कोई समय-सारणी ही नहीं है। बिजली कटौती ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है, बावजूद इसके बिजली विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अचानक बिजली आने व जाने से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी खराब हो रहे हैं, जिससे लोगों में बारी आक्रोश देखा जा रहा है।

- रात में सोना हुआ दूभर, बच्चों को स्वास्थ्य हो रहा प्रभावित

### गुणवत्ताहीन सामानों के कारण परेशानी

रईस खान, ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि बिजली विभाग के एक कर्मचारी ने बताया सारा काम ठेकेदार के जिम्मे है, जिसकी वजह से उपयोग में आने वाले सामान गुणवत्ताहीन मिलते हैं। यहां तक कि कर्मचारियों के पास फ्यूज जोड़ने का तार व टेप जैसी छोटी चीजें भी उपलब्ध नहीं है। क्षेत्र में बिजली रहने व कटने का कोई तय समय नहीं है, जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है। अगर बिजली विभाग की ओर से समस्या का सुधार नहीं किया तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## गैरेज में लगी आग, 4 दुपहिया सहित 50 टायर जलकर राख

**लोरमी।** मनियारी नदी के पुल के पास पार्षद एवं ऑटो पाट्र्स व्यापारी सोहन डड़सेना के बाड़ी में अज्ञात कारणों से आग लगने से तीन बाईक एक स्कूटी एवं 50 नग बाइक के टायर जलकर राख हो गए। मिली जानकारी के अनुसार 16 मई की तड़के सुबह ऑटो पाट्र्स व्यपारी एवं पार्षद की खुली बाड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिससे दुकान में मरम्मत के लिए रखे 3 बाइक एवं स्कूटी सहित 50 नग टायर जलकर राख हो गए। सुबह उनके पड़ोसी ने घटना की जानकारी देते हुए भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गौरतलब है कि नगर पालिका का अग्निशमन बिगड़ा हुआ है एवं नए वाहन के लिए प्रपोजल भेजा गया है, जिसके जल्द मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।-पार्षद सोहन डड़सेना ने बताया कि आग लगने से से उनकी दुकान में मरम्मत के लिए आए तीन बाइक एक स्कूटी जल गए। साथ ही 50 नग नए टायर सहित अन्य मोटरसायकिल के भी आग की चपेट में आकर नष्ट हो गए, जिससे उनको भारी आर्थिक क्षति हुई है। उन्होंने इसकी सूचना थाने में दी है।



## लापता बच्ची मामलाः न्यायालय से मिली नार्को टेस्ट की अनुमति

**लोरमी।** एक महीने कोसाबाड़ी से एक बच्ची अपनी मां के साथ सोते हुए रहस्यमयी ढंग से देर रात लापता हो गई, जिसका रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। 10 मई को कंचनपुर के श्मसान में एक मानव कंकाल मिलने की बाद पुलिस की जांच को नई दिशा मिली और मानव कंकाल के अवशेष को सिम्स से रायपुर लैब टेस्ट के भेजा गया।



मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने शक के आधार पर परिवार के तीन सदस्यों का नार्को परीक्षण कराने के लिए स्थानीय न्यायालय से अनुमति ली है। साथ ही मानव कंकाल के अवशेष से डीएनए मिलान के लिए लापता बच्ची के परिजनों का सैम्पल रायपुर एफएसएल लैब भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट जल्द ही आएगी। पुलिस ने बताया कि मामले में लापता बच्ची की मां पुष्पा, पिता जनक एवं रिश्ते में भाभी रितु का नार्को परीक्षण कराने का पुलिस ने न्यायालय से अनुमति प्राप्त की है। गौरतलब है कि लापता बच्ची 12 अप्रैल से अपने घर से मां के साथ सोते समय से लापता हो गई। लगभग एक माह बाद 10 मई को मानव कंकाल मिलने एवं एक अंडरवियर के बरामदगी के बाद नार्को टेस्ट व डीएनए मिलान कराने का पुलिस उच्चधिकारी ने फैसला लिया। ग्रामीणों ने पहले मामले में जादू टोना एवं नरबली आदि की आशंका जाहिर की थी। फिलहाल पुलिस मामले में जांच में जुटी है।

### जांच जारी

लापता बच्ची मामले में कोर्ट ने परिवार के तीन सदस्यों का नार्को टेस्ट कराने अनुमति ली गई है। मामला में जांच जारी है।

- **अखिलेश वैष्णव**
थाना प्रभारी

### मिली अनुमति

लापता बच्ची के परिजनों का डीएनए सैम्पल रायपुर लैब भेजा गया है, न्यायालय से नार्को जांच की अनुमति मिली है।

- **नवनीत पाटिल**
एसडीओपी

## सेंट जेवियर्स हाई स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**मुंगेली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा घोषित कक्षा 12वीं एवं 10वीं के परीक्षा परिणाम में नगर के सेंट जेवियर्स हाई स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं की छात्रा साक्षी देवांगन ने जिले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया एवं कक्षा 10 वीं की छात्रा राशि जैन ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा 10वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा एवं कक्षा 12वीं में 94 प्रतिशत छात्रों ने सफलता प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में राशि जैन 92.6 प्रतिशत, मो शादाब 88.4 प्रतिशत, अनुष्का सिंह 87 प्रतिशत, नियति शुक्ला 84.8 प्रतिशत, फाल्गुनी कोशले 84.8 प्रतिशत, अभय सिंह राठौर 84.6 प्रतिशत, डेल्सी वाधवा 84 प्रतिशत, मधुमिता द्विवेदी 84 प्रतिशत, दर्शील महिलांगे 83.6 प्रतिशत, जलज मिश्रा 81 प्रतिशत, कक्षा 12वीं में साक्षी देवांगन 95.2 प्रतिशत, अर्पित कौर टुटेजा 89.4 प्रतिशत, प्रथम शुक्ला 88 प्रतिशत, माही साहु 83.8 प्रतिशत, सम्यक जैन 82 प्रतिशत, हर्षि वाधवा 80 प्रतिशत, विश्वजीत सोनी 79.2 प्रतिशत, श्रुति शुक्ला 77.6 प्रतिशत, अभिषेक त्रिपाठी 74.8 प्रतिशत, अभय कश्यप 73.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन से नगर, परिवार एवं शाला परिवार का नाम रौशन किया है, छात्रों की सफलता पर संस्था के प्रबंध निदेशक डॉ जीएस पटनायक, निदेशक लेखा पटनायक, दिव्या पटनायक एवं शाला के प्राचार्य शुभेंदु मंडल ने प्रसन्नता व्यक्त की।

### उत्कृष्ट रहा चंदली के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम



**लोरमी।** ग्राम चंदली की विद्यालय से कक्षा दसवीं की परीक्षा में कुल 58 विद्यार्थी शामिल हुए, जिसमें 20 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। वहीं 31 विद्यार्थी श्रेणी में उत्तीर्ण हुए एवं 3 पूरक व 4 अनुत्तीर्ण रहे। सौरभ कुमार सोनवानी ने 87.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्रप्त किया। वहीं जानवी साहू 86.83 प्रतिशत के साथ दूसरे व प्रियंका ओगरे 80.33 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इस प्रकार विद्यालय का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। इसी प्रकार केन्द्रीयकृत माध्यमिक प्रमाण पत्र परीक्षा आठवीं में रजनी साहू 88.83 प्रतिशत पहले, कामनी साहू 86.16 प्रतिशत दूसरे व तामनी यादव ने 84.16 प्रतिशत तीसरे स्थान पर रहीं।विद्यालय के प्राचार्य एसके यादव ने इस सफलता पर विद्यार्थियों की सराहना की है।

### सूरज ने बनाया जिले की टॉप टेन की सूची में स्थान



**लोरमी।** शासकीय हाईस्कूल सरईपतेरा में कक्षा 10वीं में सूरज साहू ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार मीनाक्षी श्रीवास ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा दिव्या देवी साहू ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सूरज साहू ने पूरे मुंगेली जिले के टॉप टेन सूची में दसवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं पूरे ग्राम को गौरवान्वित किया। उन्होंने 600 में से 575 अंक प्राप्त किया। सूरज ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया। विद्यालय में कुल 66 छात्र छात्राएं थे जिनमें से 34 प्रथम श्रेणी से, 27 द्वितीय श्रेणी से एवं एक विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुआ। दो विद्यार्थी अनुत्तीर्ण एवं एक विद्यार्थी पूरक आया। इस प्रकार विद्यालय का परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत रहा।

**NOTICE**
**Change of Company Name**

Coal India Limited (CIL) hereby announces a change in the name of the following company participating in the CIL e-auction scheme.

Old Company Name: **PARAMMITTER REALTORS PRIVATE LIMITED.**
New Company Name: **PARAM MITTER VENTURES PRIVATE LIMITED.**
This change is effective as of: **16-01-2025**

All participants and relevant stakeholders are requested to note this change. Reference to the CIL e-auction scheme document. Any specific documents related to the name change process within CIL e-auction.

Contact Information
**Somvir Sindhu, Director**
**07752 408598**
**Email: parammitter2019@gmail.com**

